शर्मा हार्डওয়্যার
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 11 | अंक : 83 | गुवाहाटी | मंगलवार, 22 अक्तूबर, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

अब 2020 के पहले जैसी होगी सैन्य गश्त : विदेश मंत्री पेज 2
चिया गीत और नंगेली गीत : राज्य के लुप्तप्राय लोकगीत पर व्याख्यान आयोजित पेज 3
मुख्यमंत्री ने 1,239 नवनियुक्त पुलिस अवर निरीक्षकों को सौंपे नियुक्ति पत्र पेज 5
महिला टी-20 विश्वकप जीतने के बाद सोफी डिवाइन ने कहा- भारत के खिलाफ ... पेज 7

## हमारा विश्वास है, हमारा कोई परिवारवाद नहीं है : हिमंत




**रांची (हि.स.)।** असम के मुख्यमंत्री और झारखंड के चुनाव सह प्रभारी हिमंत विश्व शर्मा सोमवार को रांची पहुंचे। यहां एयरपोर्ट से निकलने के बाद परिवारवाद के आरोपों पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी की सूची जारी होने के बाद झारखंड में यह इतिहास रहा है कि कुछ असंतुष्टि नजर आती ही है और कुछ इस्तीफे मिलते हैं। हमारे पास यही संकेत आ रहे हैं कि चुनाव को लेकर लोग बहुत उत्साहित हैं, ज्यादा लोगों में असंतुष्टि नहीं है। शर्मा ने कहा कि लोग नामांकन के काम में लग गए हैं, थोड़ी बहुत जो लोगों में असंतुष्टि है, वह स्वाभाविक है। जिनके भी मन में खेद और दुख है, उससे हम बात कर लेंगे। हर पार्टी में टिकट अनाउंसमेंट के बाद दो-तीन दिनों तक असंतुष्टि होती है इसलिए मैं इसमें कोई भी टिप्पणी नहीं करूंगा। हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि हमारा मेनिफेस्टो है, हमारा संकल्प है, उसको लेकर हम जनता के बीच में जाएंगे और एनडीए को जनता विजयी बनाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा विश्वास है, हमारा कोई परिवारवाद नहीं है। अर्जुन मुंडा चुनाव नहीं लड़ रहे हैं इसलिए उनकी पत्नी को टिकट दिया गया है, उसी तरह रघुवर दास चुनाव नहीं लड़ेंगे इस कारण उनकी बहु पूर्णिमा को टिकट मिला है। बिना झामुमो का जिक्र किए शर्मा ने कहा कि हमारी पार्टी में ऐसा नहीं है कि बीवी भी चुनाव लड़ रही है, पति भी चुनाव लड़ रहे हैं और उनका भाई भी चुनाव लड़ रहा है। ऐसा हमारी पार्टी में नहीं है। चंपाई सोरेन हमारी पार्टी में नए-नए आए हैं और ज्वॉइनिंग के वक्त उनसे कुछ बातें हुई थी, आश्वासन दिया गया था, जिन पर अमल किया गया है। उन्होंने कहा कि चंपाई सोरेन को थोड़ा अलग तरीके से देखना होगा क्योंकि वो पहले भाजपा में नहीं थे। चंपाई सोरेन के बेटे को छोड़ दें, तो हमारी पार्टी में कोई परिवारवाद नहीं है। इस दौरान उन्होंने बताया कि बरहेट और टुंडी सीट पर जल्द उम्मीदवार घोषित कर दिए जाएंगे। इसका चुनाव दूसरे फेज में होने का है इसलिए पूरा समय लेकर हम इन सीटों पर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा करेंगे। हमलोग चर्चा कर रहे हैं, धीरे-धीरे पिक्चर क्लीयर हो जाएगी तो हम अनाउंस कर देंगे। कोई-कोई व्यक्ति टिकट अनाउंसमेंट की बात मान लेते हैं और कुछ हैं जो नहीं मानते हैं, तो ये एक नेचुरल प्रॉसेस है, जो लोग भाजपा के हैं, वो मान जाएंगे और जिसके मन में है कि टिकट नहीं मिलने से हम पार्टी में काम नहीं करेंगे, वो चले जाएंगे। हमारे इतने उम्मीदवार हैं, ज्यादा बगावत नहीं हुआ है।

## गुवाहाटी की साक्षी विश्वकर्मा बनीं मिस असम 2024



**गुवाहाटी।** 20 अक्तूबर को गुवाहाटी में संपन्न प्रतियोगिता के तीसरे सत्र में साक्षी विश्वकर्मा को मिस असम 2024 का ताज पहनाया गया। साक्षी विश्वकर्मा आगामी मिस नॉर्थईस्ट और अन्य राष्ट्रीय मंचों पर असम का प्रतिनिधित्व करेंगी। कार्बी आंगलोंग की अनुष्का तेरोनपी ने प्रथम रनर-अप का खिताब हासिल किया, जबकि दीमा हसाओ की सैमी लंगथासा को द्वितीय रनर-अप चुना गया। ऑल असम यूथ एम्पावरिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित और श्यामंगा कश्यप द्वारा निर्देशित इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र की युवा महिलाओं को सशक्त बनाना है। कश्यप ने कहा कि हम असम की युवा महिलाओं को अपनी प्रतिभा, बुद्धिमत्ता और सुंदरता दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करके -शेष पृष्ठ दो पर

## ग्राहकों को गोमांस परोसने के बाद होटल सील, चार गिरफ्तार




**करीमगंज।** असम के करीमगंज जिले के चेरागी क्षेत्र में एक होटल को प्रशासन ने सील कर दिया है, क्योंकि ग्राहकों ने होटल के कर्मचारियों पर चिकन की जगह बीफ परोसने का आरोप लगाया था। यह घटना हिंदुस्तान होटल और रेस्टोरेंट में हुई, जिसके बाद लोगों में आक्रोश फैल गया और जिला प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई की। होटल को अब सील कर दिया गया है और इस मामले में शामिल होने के संदेह में चार लोगों को अधिकारियों ने हिरासत में लिया है। यह घटना तब लोगों के ध्यान में आई जब कैसन नाम का एक युवा ग्राहक राताबारी जाते समय सड़क किनारे स्थित होटल में भोजन करने के लिए रुका। कैसन के अनुसार, उसने चिकन डिश का ऑर्डर दिया था; हालांकि, भोजन खाने के बाद उसे संदेह हुआ कि परोसा गया मांस चिकन नहीं, बल्कि गोमांस था। धार्मिक भावनाओं के संभावित उल्लंघन से परेशान होकर कैसन ने पथारकांदी पुलिस स्टेशन में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। आरोपों के बाद कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने तुरंत जांच शुरू की, जिसके बाद होटल से जुड़े चार लोगों को हिरासत में लिया गया। संदिग्धों की पहचान अलिफ हुसैन, रियाज उद्दीन, सलीम अहमद और -शेष पृष्ठ दो पर

## गोरुखुटी बेदखली जांच आयोग ने रिपोर्ट सौंपी भूमि विनियमन में सुधार का आग्रह किया



**गुवाहाटी।** असम सरकार को 2021 के गोरुखुटी बेदखली अभियान पर एक व्यापक रिपोर्ट मिली है, जिसमें दो लोगों की जान चली गई और हजारों लोग विस्थापित हो गए। एक सदस्यीय जांच आयोग का नेतृत्व करने वाले सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बीडी अग्रवाल ने मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को 319 पन्नों का दस्तावेज सौंपा। 55 ज्ञापनों और 44 गवाहों की गवाही पर आधारित रिपोर्ट के निष्कर्षों ने उस विवादास्पद अभियान पर प्रकाश डाला, जिसमें 1,400 घर ध्वस्त हो गए और 7,000 से ज़्यादा लोग बेघर हो गए। अपनी 16 प्रमुख सिफारिशों में, आयोग ने असम भूमि और राजस्व विनियमन में कमियों को दूर -शेष पृष्ठ दो पर

## सोनम वांगचुक ने खत्म की भूख हड़ताल

**नई दिल्ली (हि.स.)।** लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने सोमवार को अपनी भूख हड़ताल खत्म कर दी। उन्हें गृह मंत्रालय की ओर से बातचीत के लिए निमंत्रण मिला है। वह पिछले 16 दिन से लद्दाख को राज्य का दर्जा दिए जाने और संविधान की 16वीं सूची में डाले जाने की मांग को लेकर अनशन पर थे। गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक से लद्दाख के संबंध में उनकी मांगों पर बातचीत के लिए तारीखों के प्रस्ताव के साथ मुलाकात की। मंत्रालय की -शेष पृष्ठ दो पर

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

### सुप्रभात

*दोषहीन कार्यों का होना दुर्लभ होता है।*

– **आचार्य चाणक्य**

## अंतर्कलह से जूझ रही है कांग्रेस : भाजपा




**गुवाहाटी (हि.स.)।** असम प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं में एकता नहीं है, लेकिन वे भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों को एकजुट करने के लिए विपक्षी एकता की बात करते हैं। यह न केवल हास्यास्पद है, बल्कि शर्मनाक भी है। बिहाली उप-चुनाव में पार्टी के भीतर हालिया घमासान कांग्रेस की सच्ची तस्वीर को दर्शाता है। विशेष रूप से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और एक सांसद के बीच का घमासान सभी ने देखा है। प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता रूपम गोस्वामी ने आज मीडिया में दिए गए बयान में विपक्षी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस में टिकट बंटवारे में भाई भतीजा बाद किया जा रहा है। भाजपा प्रवक्ता गोस्वामी ने कहा कि धुबड़ी के सांसद और सामगुरी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक रकीबुल हुसैन के हालिया बयान ने एक बार फिर इस बात को साबित कर दिया है कि कांग्रेस के कार्यकाल में हुई सरकारी नौकरियों में भ्रष्टाचार हुआ था। -शेष पृष्ठ दो पर

## जब दुनिया चिंता में डूबी हुई है, तब भारत आशा का संचार कर रहा है : प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत हर क्षेत्र में अभूतपूर्व गति से काम कर रहा है और विभिन्न चिंताओं से घिरे विश्व में आशा का संचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत की वृद्धि इतनी तेज हो गई है कि कई रेटिंग एजेंसियों ने अपने विकास पूर्वानुमान बढ़ा दिए हैं। प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में *एनडीटीवी वर्ल्ड समिट 2024 : द इंडिया सेंचुरी* को संबोधित करते हुए कहा कि बीते 4-5 साल के दौरान ज्यादातर वैश्विक शिखर सम्मेलनों में भविष्य को लेकर चिंता कॉमन रही है। उन्होंने कोविड महामारी, कोविड के बाद आर्थिक तनाव, मुद्रास्फीति और बेरोजगारी, जलवायु परिवर्तन, चल रहे युद्ध, आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान, निर्दोष लोगों की मौत, भू-राजनीतिक तनाव और संघर्ष जैसी हालिया चुनौतियों का जिक्र किया। उस समय भारत में हो रही चर्चाओं के साथ समानताएं बताते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपनी सदी पर विचार-विमर्श कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक उथल-पुथल के इस दौर में भारत आशा की किरण बन गया है। जब दुनिया चिंतित है तो भारत आशा फैला रहा है। उन्होंने कहा कि भले ही भारत वैश्विक स्थिति और उसके सामने चुनौतियों से प्रभावित है लेकिन सकारात्मकता की भावना है, जिसे अनुभव किया जा सकता है। -शेष पृष्ठ दो पर

### न्यूज गैलरी

#### गांदरबल आतंकी हमला, सात की मौत

**श्रीनगर (हि.स.)।** जम्मू कश्मीर के गांदरबल में हुए बड़े आंतकी हमले में एक डॉक्टर समेत सात मजदूरों की मौत हो गई है। हमले में पांच अन्य लोग घायल हुए हैं, जिनका स्कीम्स श्रीनगर और उप जिला अस्पताल में इलाज हो रहा है। हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन दी रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है। जो आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की -शेष पृष्ठ दो पर

#### सलमान खान को रंगदारी की मांग करने वाले ने पुलिस को भेजा माफीनामा

**मुंबई (हि.स.)।** फिल्म अभिनेता सलमान खान को 05 करोड़ रुपए रंगदारी मांगने वाले आरोपित ने सोमवार को मुंबई पुलिस को माफीनामा भेजकर अफसोस जताया है। हालांकि रंगदारी मांगने वाले आरोपित का पता चल गया है और वह झारखंड राज्य का मूल निवासी है। मुंबई पुलिस की टीम आरोपित को पकड़ने झारखंड रवाना हो चुकी है। जानकारी के अनुसार, पिछले सप्ताह मुंबई ट्रैफिक पुलिस व्हाट्सएप -शेष पृष्ठ दो पर

## गढ़चिरौली में पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार नक्सली ढेर



**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में सोमवार (21 अक्तूबर) को पुलिस मुठभेड़ में कम से कम चार नक्सली मारे गए, एक अधिकारी ने बताया। मुठभेड़ छत्तीसगढ़ की सीमा के पास महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में स्थित भामरागढ़ तहसील के कोपरी जंगल में हुई। अधिकारी ने बताया कि गढ़चिरौली पुलिस की सी60 कमांडो टीम और सीआरपीएफ की टीम ने अभियान चलाया। नक्सल विरोधी पुलिस दल अभियान में लगे हुए हैं और शुरुआती रिपोर्टों से पता चलता है कि चार नक्सली मारे गए हैं, जबकि एक पुलिसकर्मी घायल हुआ है। खुफिया एजेंसियों ने पुलिस को इलाके में नक्सलियों की -शेष पृष्ठ दो पर

*फारूक अब्दुल्ला ने आतंकवादियों को दी कड़ी चेतावनी, कहा-*

## अगर ये नहीं रुका तो भुगतने होंगे बुरे परिणाम...



**श्रीनगर।** नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के गगनगीर में हुए आतंकी हमले की निंदा की और पाकिस्तान से कहा कि वह भारत में आतंकवाद फैलाना बंद करे। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान नई दिल्ली के साथ अच्छे संबंध चाहता है तो उसे ये गतिविधियां रोकनी होंगी। फारूक अब्दुल्ला, जिनकी पार्टी ने हाल ही में केंद्र शासित प्रदेश में सरकार बनाई है, ने कसम खाई कि कश्मीर कभी पाकिस्तान नहीं बनेगा। उन्होंने कहा कि मैं पाकिस्तान के नेतृत्व से कहना चाहता हूं कि अगर वे भारत के -शेष पृष्ठ दो पर

## हिंदुत्व शब्द को भारतीय संविधानवाद से बदलने की मांग, एससी ने खारिज की याचिका



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को *हिंदुत्व* शब्द को *भारतीय संविधानवाद* से बदलने की मांग वाली जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। इस मुद्दे पर जनहित याचिका को खारिज करते हुए मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि यह पूरी तरह से प्रक्रिया का दुरुपयोग है। बता दें कि यह जनहित याचिका दिल्ली के विकासपुरी निवासी एस एन कुंद्रा ने दायर की थी। इस पर सुनवाई से इनकार करते हुए सीजेआई ने कहा कि हम इस पर विचार नहीं करेंगे। -शेष पृष्ठ दो पर

## पीएम जन औषधि योजना ने रचा इतिहास अक्तूबर 2024 तक 1000 करोड़ की बिक्री




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नागरिकों के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरुआत की है। जिनमें से एक प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि योजना (पीएमबीजेपी) भी है। इस योजना ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिसके तहत अक्तूबर 2024 में 1000 करोड़ रुपए की बिक्री कर बड़ा रिकॉर्ड बनाया है। पिछले साल की तुलना में यह एक महत्वपूर्ण प्रगति है और यह लक्ष्य दिसंबर 2023 में पूरा किया गया था। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि योजना की यह उपलब्धि सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाओं -शेष पृष्ठ दो पर

## आवश्यक दवाओं की बढ़ी कीमतों पर ममता ने पीएम मोदी को लिखा पत्र



**कोलकाता (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर आवश्यक दवाओं की बढ़ी हुई कीमतों पर चिंता जताई है। यह पत्र राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) द्वारा आठ आवश्यक दवाओं की कीमतों में वृद्धि के बाद लिखा गया है। ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री से इस फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है और कहा कि यह आम जनता के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। दो पन्नों के इस पत्र में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि नागरिकों का कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी नीतियों को इसी लक्ष्य के अनुरूप बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने लिखा कि मैं आपसे अनुरोध करती हूं कि संबंधित मंत्रालय को इस मूल्य वृद्धि के फैसले पर तुरंत पुनर्विचार करने के निर्देश दें, ताकि आम जनता के स्वास्थ्य और भलाई के हितों की रक्षा की जा सके। बनर्जी ने आगे कहा कि शायद, हमारा उद्देश्य वाणिज्यिक व्यावहार्यता और नागरिकों के सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं के अधिकार के बीच संतुलन बनाए रखना होना चाहिए। नागरिकों -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

*पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद का समाधान*

# अब 2020 के पहले जैसी होगी सैन्य गश्त : विदेश मंत्री

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने कहा है कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत और चीन के बीच अग्रिम मोर्चों से सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया पूरी हो गई है तथा मई 2020 के पहले की स्थिति कायम हो गई है। भारतीय सैन्य टुकड़ियां अब उस इलाके में गश्त कर सकेंगी, जहां वे पहले ऐसा करती थीं। विदेश मंत्री ने सोमवार को एक टीवी न्यूज चैनल के एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि यह एक सकारात्मक घटनाक्रम है तथा यह धैर्य और लगन से चलाई गई कूटनीति की सफलता है। विदेश मंत्री के इस कथन से पहले विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने ब्रिक्स सम्मेलन के संदर्भ मे आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में इसकी जानकारी दी थी। जयशंकर ने कहा कि जो बातें विदेश सचिव ने कही हैं, मैं उन्हें दोहराना चाहता हूं। वर्ष 2020 में जो स्थिति थी, उसी के अनुरूप सैन्य गश्त करने के संबंध में भारत-चीन के बीच समझौता हुआ है। हम यह कह सकते हैं कि अब दोनों देशों के बीच अग्रिम मोर्चों से सैन्य तैनाती पीछे हटाने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। उन्होंने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर वर्ष 2020 के बाद भारत-चीन ने एक दूसरे को कुछ क्षेत्रों में जाने से रोक दिया था। अब यह सहमति बनी है कि इन क्षेत्रों में सैनिकों को गश्त करने की अनुमति होगी। विदेश मंत्री ने कहा कि मेरी जानकारी के अनुसार हम हमारे सैनिक वहां गश्त कर सकेंगे, जहां वे मई 2020 से पहले गश्त करते थे, वह स्थिति बहाल हो गई है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर भारत और चीन के बीच वार्ता काफी समय से जारी थी। वे सितंबर 2020 में चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मास्को में मिले थे। तभी से वार्ता प्रक्रिया जारी थी। नए घटनाक्रम से सीमा क्षेत्र में शांति और सामान्य स्थिति कायम होगी।

# पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में हिंदू मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए 10 करोड़ का बजट आंवटित

**इस्लामाबाद ( हि.स. )।** पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के नारोवाल जिले के जफरवाल में बावली साहिब के हिंदू मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपए का बजट आंवटित किया गया है। इवेक्यू ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) ने हिंदू मंदिर पर निर्माण शुरू कर दिया है। 64 वर्ष बाद इस जिले में किसी हिंदू मंदिर के पुनर्निर्माण की पहल की गई है। इस धनराशि से मंदिर की चारदीवारी का निर्माण किया जाना है। पाकिस्तान के प्रमुख समाचार पत्र डॉन के अनुसार, इस समय नारोवाल जिले में कोई मंदिर इस स्थित में नहीं है, जहां हिंदू परिवार पूजा-पाठ कर सकें। हिंदू परिवारों को अपने धार्मिक अनुष्ठान करने के लिए सियालकोट और लाहौर के मंदिरों की यात्रा करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। पाकिस्तान धर्मस्थान समिति के पूर्व अध्यक्ष रतन लाल आर्य ने बताया कि ईटीपीबी ने 1960 में बावली साहिब मंदिर पर नियंत्रण किया था। इसके बाद इस मंदिर में पूजा-अर्चना बंद हो गई। पाकिस्तान की स्थापना के बाद नारोवाल जिले में एक समय 45 हिंदू मंदिर थे। इनमें से अधिकांश जीर्ण-शीर्ण हो चुके हैं। पाकिस्तान धर्मस्थान समिति दो दशक से बावली साहिब मंदिर के जीर्णोद्धार की वकालत कर रही थी। आर्य ने कहा कि इस समय नारोवाल जिले में हिंदुओं की आबादी 1,453 से अधिक है। उन्होंने बताया कि हिंदू समुदाय की मांगों को पूरा करने के लिए सरकार ने बावली साहिब मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए कदम उठाए हैं। ईटीपीबी चार कनाल भूमि पर निर्माण की देखरेख कर रहा है। इसमें चारदीवारी पहली प्राथमिकता है। निर्माण पूरा होने पर मंदिर को पाकिस्तान धर्मस्थान समिति को सौंप दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के वन मैन कमीशन के अध्यक्ष डॉ. शोएब सिद्दल और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य मंजूर मसीह ने इस मसले पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पाकिस्तान धर्मस्थान समिति के अध्यक्ष सावन चंद ने कहा कि वे सरकार के आभारी हैं। उन्होंने कहा कि बावली साहिब मंदिर के जीर्णोद्धार से हिंदू समुदाय की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो जाएगी। जीर्णोद्धार के बाद यहां हिन्दुओं के धार्मिक अनुष्ठान होने लगेंगे।

## सड़क दुर्घटना में घायल महिला सब इंस्पेक्टर की मौत

**गुवाहाटी ( हिंस )।** सड़क दुर्घटना में घायल हुई महिला सब इंस्पेक्टर की आज गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज अस्पताल (जीएमसीएच) में चिकित्सा के दौरान मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि असम पुलिस में सब इंस्पेक्टर पद पर राजधानी के भांगागढ़ थाने में कार्यरत अर्चना देवी आठ अक्तूबर की रात गुवाहाटी के बाहरी इलाका सेनापुर में दुर्घटना का शिकार हो गई थीं। उनका गंभीर हालत में जीएमसीएच में इलाज चल रहा था। सब इंस्पेक्टर के निधन से सिपाझार में शोक का माहौल है।

## पुलिस स्मृति दिवस पर मुख्यमंत्री ने ज्ञापित की श्रद्धांजलि



**गुवाहाटी ( हिंस )।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने आज पुलिस स्मृति दिवस पर अपनी श्रद्धांजलि ज्ञापित की है। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा है कि हमारे बहादुर पुलिसकर्मी कानून और व्यवस्था बनाए रखने और नागरिकों को सुरक्षित जीवन जीने में मदद करने के लिए चौबीसों घंटे ड्यूटी पर रहते हैं। हजारों पुलिसकर्मियों ने हमें सुरक्षित रखने के लिए अपनी जान कुर्बान की है। पुलिस स्मृति दिवस पर, मैं पूरे पुलिस समुदाय को उनकी महान सेवा के लिए श्रद्धांजलि देता हूं।

## मृत अवस्था में मिला जंगली हाथी

**ग्वालपाड़ा ( हिंस )।** ग्वालपाड़ा जिले के रंगागढ़ इलाके में मृत अवस्था में एक जंगली हाथी पाया गया है। वन विभाग ने सोमवार को बताया कि रंगागढ़ इलाके में स्थानीय लोगों द्वारा एक जंगली हाथी को मृत अवस्था में देखे जाने की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पशु चिकित्सकों द्वारा जंगली हाथी का पोस्टमार्टम किए जाने के बाद घटनास्थल के करीब ही हाथी को दफना दिया गया। जंगली हाथी की मौत कैसे हुई है इसकी जानकारी नहीं लग पायी है।

# राजधानी में एक्यूआई 300 के पार, मंगलवार से ग्रैप -2 की पाबंदियां होंगी लागू

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** राजधानी दिल्ली में हवा जहरीली होती जा रही है। सोमवार को राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 310 दर्ज किया गया। बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की उप समिति ने सोमवार को आपातकालीन बैठक कर स्थिति की समीक्षा की और ग्रेडेड एक्शन प्लान(ग्रैप) के चरण दो की पाबांदियां लगाने की सिफारिश की। यह पाबंदियां मंगलवार सुबह आठ बजे से लागू कर दी जाएंगी। इस संबंध में आयोग ने सभी संबंधित विभागों और संस्थानों को आदेश जारी कर दिया है। ग्रैप-2 के तहत 11 पाबंदियां लगाई जा रही हैं जिसके तहत प्राइवेट गाड़ियों के इस्तेमाल को कम करने के लिए पार्किंग फीस में बढ़ोतरी, सीएनजी-इलेक्ट्रिक बसों और मेट्रो की सर्विस को बढ़ाना। इसके साथ प्रदूषण कम हो इसके लिए रेजीडेन्ट वेल्फेयर एसोसिएशन अपने सोसाइटी में कूड़ा और किसी भी प्रकार की लकड़ी जलाने पर नजर रखे जाना और डीजल जेनरेटर पर पाबंदी। इस दौरान केवल नेचुरल गैस, बायो गैस, एलपीजी से चलने वाले जेनरेटर ही चला सकते हैं। 800 किलोवॉट से ज्यादा क्षमता वाले जेनरेटर को केवल रेट्रोफिटिंग के दौरान ही चलाए जाएंगे। चिन्हित सड़कों डेली बेसिस पर मैकेनिकल/वैक्यूम स्वीपिंग और पानी का छिड़काव आवश्यक है। इसके साथ भारी यातायात गलियारों, संवेदनशील इलाकों में सड़क की धूल को रोकने और निर्दिष्ट लैंडफिल स्थलों पर एकत्रित धूल के उचित निपटान के लिए धूल अवरोधकों के उपयोग के साथ पानी का छिड़काव जरूरी, सी और डी साइटों पर धूल नियंत्रण उपायों को सख्ती से लागू करने के लिए निरीक्षण तेज करने का निर्देश दिया गया।

*No.HDBK-26/15th FC/2017-18/2024-25/2746* *Dated 18th Oct, 2024*

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed Tender are invited for the works to be drawn in F-2 Form with affixing Non-refundable Court Fee of Rs. 8.25 (Rupee Eight and Twenty Five Paisa) only from the intending Registered Contractor of Class-II and Class-I (A,B&C) Category of Assam PWD (Roads & Building) only in a prescribed Forms. The Tender will be received on 10/11/2024 up to 2.00 P.M. in the Office of the undersigned and will be opened at 2.30 P.M. and the same will be submitted to the BTC, Kokrajhar for approval.

| Sl. No. | Name of work | Estimated Amount | Bid Security | | Cost of Tender appear | Time of Completion | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Others | ST/SC/OBC/ MOBC | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Const. of road from Jhadu Murmu near Tinali to Nikolas Murmu house with RCC Culvert" under 15th FC Un-Tied Grant for the Year 2023-24 | Rs. 19,90,000.00 | Rs. 39,800.00 | Rs. 19,900.00 | Rs. 500/- | 6 (Six) Months from the date of issue of work Order | |

Detail N.I.T. may be seen in all working days in the office of the undersigned.

Sd/-
Block Development Officer,
Hatidhura Dev. Block, Hatidhura

*IPR(BTC)/C/2024-25/747*

# भाजपा गठबंधन के उम्मीदवार सभी पांचों विस सीटों पर जीत हासिल करेगा : बिमल बोरा

**गोलाघाट ( हिंस )।** असम सरकार के मंत्री बिमल बोरा ने कहा है कि भाजपा गठबंधन के उम्मीदवार राज्य में 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा उपचुनावों में सभी पांचों निर्वाचन क्षेत्रों में जीत हासिल करेगा। साथ ही कहा कि अगर एक-दो लोग पार्टी छोड़ भी देते हैं तो पार्टी को कोई नुकसान नहीं होगा। उन्होंने सामागुड़ी में राजनीतिक हिंसा के मुद्दे को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा उठाये जा रहे आरोपों पर भी मीडिया से बात की। ज्ञात हो कि असम के संस्कृति मंत्री बिमल बोरा बीती रात गोलाघाट जिले के देरगांव पहुंचे थे। देरगांव साहित्य सभा के शताब्दी वर्ष के अवसर पर, मंत्री स्थानीय बापूजी मंदिर में लोक संस्कृति उप-समिति द्वारा आयोजित अखिल असम आधारित महिला दिहानाम प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में भाग लिया। दिहानाम प्रतियोगिता के मंच पर आयोजकों ने मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में मंत्री विमल बोरा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कई महत्वपूर्ण टिप्पणियां कीं। इस अवसर पर देररगांव साहित्य सभा की शताब्दी समारोह समिति के अध्यक्ष नुरुल सुल्तान, प्रख्यात युवा कार्यकर्ता आकाश फुकन, परीक्षित दत्ता, मृदुल कुमार दत्ता आदि भी उपस्थित थे।

# *पृष्ठ एक का शेष*

## *गुवाहाटी की साक्षी ...*

रोमांचित हैं। इस कार्यक्रम में न्यायाधीशों का एक प्रतिष्ठित पैनल शामिल था, जिसमें प्रसिद्ध अभिनेता सिद्धार्थ गोस्वामी, नगालैंड के उद्यमी लिविली किबामी और स्ट्रेला थौनाओजम लुवांग, फेमिना मिस इंडिया सेकेंड रनर अप 2023 शामिल थे।

## *ग्राहकों को गोमांस...*

हसन अहमद के रूप में की गई है, जिनसे अधिकारियों द्वारा पूछताछ की जा रही है ताकि खाद्य पदार्थों के कथित गलत विवरण में उनकी संलिप्तता का पता लगाया जा सके। घटना के बाद, जिला प्रशासन ने आगे किसी भी तरह के संचालन को रोकने के लिए प्रतिष्ठान को सील करके निर्णायक कार्रवाई की। इस मामले ने स्थानीय समुदाय के बीच चिंता पैदा कर दी है, खासकर रेस्तरां में परोसे जाने वाले भोजन की प्रामाणिकता और गुणवत्ता को लेकर। पुलिस यह पता लगाने के लिए गहन जांच कर रही है कि क्या यह घटना एक अलग मामला था या होटल के संचालन में किसी बड़ी गड़बड़ी का हिस्सा था।

## *गोरुखुटी बेदखली जांच ...*

करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। रिपोर्ट में बेदखली के दौरान बल प्रयोग की आलोचना की गई है और मौजूदा नियमों में संबंधित धाराओं की फिर से जांच करने की मांग की गई है। इसमें स्वैच्छिक पुनर्वास के लिए पर्याप्त नोटिस अवधि प्रदान करने की भी वकालत की गई है, जिससे ऐसे ऑपरेशनों के दौरान संघर्षों को कम से कम किया जा सके। सितंबर 2021 में तीन दिनों तक चली गोरुखुटी बेदखली ने भूमि अधिकारों और असम में हाशिए पर पड़े समुदायों के साथ व्यवहार के बारे में व्यापक बहस छेड़ दी। इसके बाद, राज्य सरकार ने साफ किए गए क्षेत्र में एक कृषि परियोजना शुरू की।

## *सोनम वांगचुक ने ...*

ओर से वांगचुक को आश्वासन दिया गया है कि उनके साथ 3 नवंबर को बैठक की जाएगी। उल्लेखनीय है कि सोनम वांगचुक अपनी मांगों को लेकर पहले लद्दाख से यात्रा कर नई दिल्ली पहुंचे। यहां पहुंचने पर निषेधाज्ञा लागू होने के कारण दिल्ली पुलिस ने उन्हें उनके समर्थकों के साथ हिरासत में ले लिया था लेकिन रिहा होने के बाद में वह देश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की मांग करते हुए अपने समर्थकों के साथ दिल्ली के लद्दाख भवन में ही भूख हड़ताल पर बैठे थे।

## *अंतर्कलह से जूझ ...*

रकीबुल हुसैन ने सामगुरी में अपने बेटे के लिए प्रचार करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान हर पंचायत में सौ बेरोजगारों को सरकारी नौकरियां दी गई। इससे साबित होता है कि कांग्रेस के दिनों में भ्रष्टाचार, अनियमितताओं और भाई-भतीजावाद के जरिए सरकारी नौकरियां दी गई थीं। लेकिन, इसके विपरीत यह सर्वविदित है कि मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व वाली वर्तमान भाजपा सरकार ने पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ योग्यता के आधार पर नौकरियां दी हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता और स्वच्छता को अपनाया है। इसके विपरीत, सांसद रकीबुल हुसैन ने अब अपनी ही पार्टी की सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर कर दिया है। रूपम गोस्वामी ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा जब अल्पसंख्यक इलाके में जाते हैं तो उनका बयान काफी अलग लगता है। मियां वोट बैंक के हित में भूपन बोरा अल्पसंख्यक क्षेत्र में जाकर मुला गाभरू, कुशल कोंवर, मनीराम देबान, भोगेश्वरी फुकननी आदि की चर्चा नहीं करते हैं। ऐसा लगता है कि उन्होंने कभी भी खिलंजिया लोगों की ओर से ऐसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया है। भूपेन बोरा ने बार-बार साबित किया है कि कांग्रेस पार्टी केवल मियां समुदाय को बचाने के लिए है। चार साल पहले, उन्होंने गरूखुटी में अवैध बेदखली अभियान का विरोध किया था। भूपेन बोरा ने हमेशा अतिक्रमणकारियों और आक्रमणकारियों की ओर से आवाजें उठाई है।

## *जब दुनिया चिंता...*

लोकसभा और हरियाणा विधानसभा चुनावों में मिली जीत का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोगों ने लगातार तीन बार उनकी सरकार को जनादेश देकर स्थिरता का संदेश दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हाल ही में हुए हरियाणा विधानसभा चुनावों में लोगों ने स्थिरता की भावना को मजबूत किया है। सरकार के तीसरे कार्यकाल के 125 दिन पूरे होने पर मोदी ने देश में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने गरीबों के लिए 3 करोड़ नए पक्के मकानों को मंजूरी देने, 9 लाख करोड़ रुपए की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की शुरुआत करने, 15 नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने, 8 नए हवाई अड्डों की आधारशिला रखने, युवाओं के लिए 2 लाख करोड़ का पैकेज देने, किसानों के बैंक खातों में 21,000 करोड़ रुपए ट्रांसफर करने, 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के लिए मुफ्त इलाज योजना, लगभग 5 लाख घरों में रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि तीसरे कार्यकाल में भारत की वृद्धि इतनी तेज हो गई है कि कई रेटिंग एजेंसियों ने अपने विकास पूर्वानुमान बढ़ा दिए हैं। उन्होंने मार्क मोबियस जैसे विशेषज्ञों के उत्साह की ओर भी इशारा किया, जिन्होंने वैश्विक फंडों को अपने फंड का कम से कम 50 प्रतिशत भारत के शेयर बाजार में निवेश करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जब ऐसे अनुभवी विशेषज्ञ भारत में बड़े निवेश की वकालत करते हैं, तो यह हमारी क्षमता के बारे में एक मजबूत संदेश देता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का भारत एक विकासशील राष्ट्र और एक उभरती हुई शक्ति दोनों है। आत्मसंतुष्टि को लेकर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह मानसिकता किसी देश को आगे नहीं बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं और 12 करोड़ शौचालय बनाए गए हैं और 16 करोड़ गैस कनेक्शन दिए गए हैं लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। देश की मानसिकता में आए बदलाव को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकारें अक्सर अपनी उपलब्धियों की तुलना पिछले प्रशासनों से करती हैं और 10-15 साल पीछे जाकर उन्हें पीछे छोड़ देने को सफलता मानती हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत इस दृष्टिकोण को बदल रहा है और सफलता अब उपलब्धियों से नहीं बल्कि भविष्य की दिशा से मापी जाती है। प्रधानमंत्री ने भारत के दूरदर्शी दृष्टिकोण पर टिप्पणी करते हुए कहा कि भारत अब भविष्य-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है। मोदी ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का हमारा लक्ष्य केवल सरकार का विजन नहीं है, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को दर्शाता है। यह अब केवल जनभागीदारी का अभियान नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय आत्मविश्वास का आंदोलन है। एआई के बारे में बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह एआई का युग है और दुनिया का वर्तमान और भविष्य एआई से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत के पास दोहरी एआई शक्ति का लाभ है, पहला एआई, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और दूसरा एआई, एस्पिरेशनल इंडिया। मोदी ने कहा कि जब एस्पिरेशनल इंडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शक्ति मिलती है तो विकास की गति तेज होना स्वाभाविक है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत इंडस्ट्री 4.0 के लिए आवश्यक कौशल सेट और बुनियादी ढांचे पर तेजी से काम कर रहा है।

## *गढ़चिरौली में पुलिस...*

मौजूदगी के बारे में सचेत किया था, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की। कोपरी भामरागढ़ का आखिरी जंगली इलाका है। इस खुफिया सूचना के आधार पर जंगल में पुलिस अभियान चलाया गया। अभियान को तेज करने के लिए विशेष नक्सल विरोधी बल सी60 पुलिस दस्ते को 60 कर्मियों के साथ मजबूत किया गया है। इससे पहले, महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में 8 लाख रुपए के इनामी नक्सल दंपत्ति ने आत्मसमर्पण किया था। पुलिस अधिकारी ने उनकी पहचान असिन राजाराम कुमार (37) उर्फ अनिल और उसकी पत्नी अंजू सुल्या जाले (28) उर्फ सोनिया के रूप में की है। असिन राजाराम कुमार ओडिशा में माओवादियों की प्रेस टीम का *एरिया कमेटी सदस्य* था। अधिकारी ने कहा कि वह हरियाणा के नरवाना का निवासी है और फर्जी पहचान के साथ हिमाचल प्रदेश में शिमला के पास एक इलाके में रह रहा था। गढ़चिरौली का निवासी जाले भी पूर्वी राज्य में उसी प्रेस टीम का हिस्सा था और हिमाचल प्रदेश में रह रहा था। अधिकारी ने कहा कि उन्होंने गढ़चिरौली पुलिस और सीआरपीएफ अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

## *अगर ये नहीं रुका...*

साथ अच्छे संबंध चाहते हैं तो उन्हें इसे खत्म करना होगा। कश्मीर पाकिस्तान नहीं बनेगा। आइए हम सम्मान के साथ जिएं और सफल हों। श्रीनगर में पत्रकारों से बात करते हुए नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष अब्दुल्ला ने कहा कि मैं पाकिस्तान के नेतृत्व से कहना चाहता हूं कि अगर वे भारत के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं तो उन्हें इसे खत्म करना होगा। कश्मीर पाकिस्तान नहीं बनेगा। आइए हम सम्मान के साथ जिएं और सफल हों... अगर वे 75 साल तक पाकिस्तान नहीं बना पाए, तो अब कैसे संभव होगा ?... आतंकवाद को खत्म करने का समय आ गया है, अन्यथा परिणाम बहुत गंभीर होंगे... अगर वे हमारे निर्दोष लोगों को मारेंगे तो बातचीत कैसे होगी ? उन्होंने कहा यह हमला बहुत दुर्भाग्यपूर्ण था। अप्रवासी गरीब मजदूरों और एक डॉक्टर ने अपनी जान गंवाई। आतंकवादियों को इससे क्या मिलेगा ? क्या उन्हें लगता है कि वे यहां पाकिस्तान बना पाएंगे... हम इसे खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि हम दुख से आगे बढ़ सकें। अब्दुल्ला ने कहा कि यह हमला बहुत दुर्भाग्यपूर्ण था। अप्रवासी गरीब मजदूरों और एक डॉक्टर ने अपनी जान गंवाई। आतंकवादियों को इससे क्या मिलेगा ? क्या उन्हें लगता है कि वे यहां पाकिस्तान बना पाएंगे। हम इसे खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि हम दुख से आगे बढ़ सकें। कम से कम दो आतंकवादियों ने इस नृशंस हमले को अंजाम दिया। दो मजदूरों की तुरंत मौत हो गई, जबकि चार अन्य और एक डॉक्टर ने बाद में दम तोड़ दिया। इस बीच, आतंकी हमले की जांच के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कश्मीर पहुंच गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आतंकी हमले को *कायरतापूर्ण घृणित कृत्य* बताया। उन्होंने कहा कि इस जघन्य कृत्य में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें हमारे सुरक्षा बलों की ओर से कड़ी से कड़ी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ेगा। इस दुख की घड़ी में, मैं मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। इससे पहले आज, एक वरिष्ठ अधिकारी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की एक टीम गगनगीर आतंकी हमले की घटना की जांच के लिए जम्मू-कश्मीर रवाना हुई। रिपोर्ट के अनुसार, जम्मू-कश्मीर के गगनगीर इलाके में रविवार शाम को एक निर्माण स्थल पर आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में एक डॉक्टर और छह निर्माण श्रमिकों की मौत हो गई। घटना के बाद, सुरक्षा बलों ने गगनगीर, सोनमर्ग और गंदेरबल में इलाके की घेराबंदी की और हमलावरों को बेअसर करने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया।

## *हिंदुत्व शब्द को भारतीय ...*

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तेलंगाना लोक सेवा आयोग (टीजीपीएससी) की तरफ से कई सरकारी विभागों में 563 ग्रेड-1 पदों को भरने के लिए आयोजित की जा रही परीक्षा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया और कहा कि इस तरह के आदेश से अराजकता पैदा होगी। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ये परीक्षा दोपहर 2 बजे शुरू होनी है, अगर हम इस स्तर पर परीक्षा पर रोक लगाते हैं तो अराजकता फैल जाएगी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने ये बात तब कही, जब याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने अंतरिम रोक लगाने का दबाव डाला। पीठ ने कहा, परीक्षा आज होनी है। छात्र पहले ही परीक्षा केंद्रों में प्रवेश कर चुके हैं। इस पर सिब्बल ने कहा कि अभ्यर्थी राज्य में पहली बार आयोजित की जा रही परीक्षा में बैठने का मौका खो देंगे।

## *पीएम जन औषधि ...*

पर लोगों के बढ़ते भरोसे और निर्भरता को दर्शाती है। पिछले 10 साल में जन औषधि केंद्रों की संख्या में 170 गुना से ज्यादा की वृद्धि हुई है, जो अब 14,000 से अधिक हो गई है। जन औषधि योजना के केंद्र देश के लगभग सभी जिलों में फैले हुए हैं, जिससे लोगों को काफी आसानी हो गई है। इन केंद्रों से लोगों को आसानी से सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं मिल जाती हैं। इस योजना से स्वास्थ्य सेवा को सुलभ और किफायती बनाया गया है, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका फायदा मिल सके। रिकॉर्ड तोड़ बिक्री न सिर्फ इस योजना की सफलता को उजागर करती है, बल्कि यह देश में स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सस्ती दवाएं- जन औषधि केंद्रों पर दवाएं बाजार मूल्य से 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक सस्ती होती हैं। जिससे लोगों का खर्चा कम होता है। कम कीमत पर उन्हें दवाइयां मिल जाती हैं। केंद्र सरकार की यह परियोजना स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और सस्ता बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह केंद्र 2014 में सिर्फ 80 थे वहीं अब बढ़कर 14,000 से ज्यादा हो गए हैं, जो करीब देश के हर जिले को कवर करते हैं। वहीं आने वाले दो सालों में देश में 25,000 जन औषधि केंद्र होंगे। यह योजना समुदायों को सशक्त बना रही है साथ ही यह सुनिश्चित कर रही है कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा देश के हर नागरिक तक पहुंच सके।

## *आवश्यक दवाओं की...*

का कल्याण अत्यंत महत्वपूर्ण है और सभी हितधारकों को अपनी नीतियों को इस प्रतिबद्धता के अनुरूप बनाना चाहिए। एनपीपीए, जो देश में दवाओं की कीमतों की निगरानी करता है, का उद्देश्य आवश्यक दवाओं को सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराना है। हाल ही में प्राधिकरण ने आठ दवाओं के 11 निर्धारित रूपों की कीमतों में 50 प्रतिशत तक की वृद्धि की अनुमति दी है। इन दवाओं का उपयोग मुख्य रूप से अस्थमा, ग्लूकोमा, थैलेसीमिया, तपेदिक और मानसिक स्वास्थ्य विकारों के इलाज में किया जाता है।

## *गांदरबल आतंकी हमला...*

ही एक शाखा है। आतंकी हमले को लेकर पुलिस अधिकारियों ने बताया है कि हमलावरों ने रविवार रात मजदूरों के एक कैंप पर अंधाधुंध गोलीबारी की। इस कैंप में श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर गगनगीर में जेड-मोड़ सुरंग के निर्माण में लगी एक कंपनी के कामगार ठहरे थे। हमले को टारगेट किलिंग बताया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि हमले में दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि डॉक्टर समेत पांच अन्य लोगों ने बाद में दम तोड़ दिया। वहीं पांच घायलों को उप जिला अस्पताल और स्कीम्स श्रीनगर में भर्ती कराया गया है। फिलहाल घटनास्थल पर सुरक्षा बलों की टीम मौजूद है और इलाके में सर्च ऑपरेशन चल रहा है। मृतकों की पहचान गुरदासपुर पंजाब निवासी गुरुमीत सिंह, बडगाम निवासी डॉ शाहनवाज, अनिल कुमार शुक्ला, फहीम नजीर, शशि अबरोल, मोहम्मद हनीफ और कलीम के रूप में हुई है।

## *सलमान खान को ...*

नंबर पर एक मैसेज मिला था, जिसमें कहा गया था कि सलमान खान की हालत बाबा सिद्दीकी से बदतर हो जाएगी। अगर सलमान खान को इस तरह की हालत से बचना है तो सलमान खान पांच करोड़ रुपए दें। इस मैसेज के बाद मुंबई पुलिस ने अज्ञात शख्स के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया था। इसके बाद पता चला कि यह मैसेज झारखंड से भेजा गया था। इसलिए पुलिस की एक टीम झारखंड भेजी गई है, लेकिन सोमवार को उसी शख्स ने फिर से मुंबई पुलिस को एक मैसेज भेजा। इस मैसेज में मैसेज भेजने वाले ने कहा है कि उसने गलती से पहले का मैसेज भेजा था। इसके लिए उसे अफसोस है। हालांकि इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई जारी रखा है।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**

## अगप ने जारी किया विस उप चुनाव के लिए अपने उम्मीदवार का नाम

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम के पांच विधानसभा सीटों के लिए आगामी 13 नवंबर को होने जा रहे उप चुनाव के मद्देनजर भाजपा गठबंधन में शामिल असम गण परिषद (अगप) ने आज अपने एक उम्मीदवार के नाम की सूची जारी की। 32 नंबर बंगाईगांव विधानसभा क्षेत्र से अगप ने अपने उम्मीदवार के रूप में दिप्तीमयी चौधरी को चुनाव मैदान में उतारा है। बंगाईगांव विस क्षेत्र में उम्मीदवारी को लेकर अगप के बीच पिछले कुछ दिनों से काफी खींचतान मची हुई थी। तत्कालीन विधायक एवं वर्तमान में सांसद फणीभूषण चौधरी अपनी पत्नी को पार्टी का टिकट दिलाने में सफल हो गए हैं। इस बीच टिकट न मिलने से नाराज बंगाईगांव जिला अगप के कई वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इससे पार्टी के अंदर घमासान मचा हुआ है। दूसरी ओर भाजपा अपने हिस्से की तीनों सीटों के लिए उम्मीदवारों की सूची पहले ही जारी कर चुकी है।

# *चिया गीत और नंगेली गीत* : राज्य के लुप्तप्राय लोकगीत पर व्याख्यान आयोजित

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम सरकार के संस्कृति मंत्रालय के स्वायत्त संस्थान इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के क्षेत्रीय केंद्र, गुवाहाटी द्वारा गुवाहाटी के पानीखाइटी स्थित असम डाउनटाउन विश्वविद्यालय के प्रदर्शन कला विभाग के सहयोग से असम के वृहत्तर दरंग जिले के लुप्तप्राय लोकगीत *चिया गीत और नंगेली गीत* पर एक अनूठा व्याख्यान सह प्रदर्शन आयोजित किया गया। आकाशवाणी के प्रसिद्ध लोक कलाकार तौन आजाद डेका ने चिया गीत और नंगेली गीत की प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने प्रदर्शन सह व्याख्यान शैली में व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने गीतों के बोल और इतिहास के पीछे के महत्व और मान्यताओं को समझाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये गीत सामाजिक संदर्भों के वाहक हैं और पीढ़ियों से चले आ रहे हैं। इसलिए वे मौखिक परंपराओं और इतिहास के पर्याय हैं। उन्होंने बताया कि ऐसी मान्यता है कि चिया गीत बौद्ध *चर्ज्या*



*पद* से आए हैं और नंगेली गीत कृषि क्षेत्रों में दो समूहों के बीच किसी भी वाद्ययंत्र के उपयोग के बिना प्रतिस्पर्धात्मक मनोरंजन और सौहार्द के रूप में गाए जाते थे। उन्होंने सभी विभागों और संस्थानों से इन गीतों को संरक्षित करने के लिए एक साथ आने का आग्रह किया जो लुप्त होने के कगार पर हैं। प्रसिद्ध नाटककार, थिएटर कलाकार और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार विजेता दुलाल रॉय ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। असम डाउनटाउन विश्वविद्यालय की अध्ययन संकायाध्यक्ष प्रोफेसर बंदना दत्ता मुख्य अतिथि थीं। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में प्रो नारायण चौधरी तालुकदार, कुलपति, असम डाउनटाउन विश्वविद्यालय, प्रो प्रणवीर सिंह, डॉ. सपाम रणबीर सिंह, क्षेत्रीय निदेशक, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, जतिंद्र मोहन बोरा, एओ, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, क्षेत्रीय केंद्र गुवाहाटी और अन्य मौजूद रहे। यह कार्यक्रम पूर्वोत्तर भारत के विभिन्न समुदायों और जनजातियों के लुप्तप्राय लोकगीतों, नृत्यों, संगीत वाद्ययंत्रों का दस्तावेजीकरण, अनुसंधान और संरक्षण करने के लिए आईजीएनसीए क्षेत्रीय केंद्र गुवाहाटी की एक पहल है। यह पहल आईजीएनसीए के जनादेश और दृष्टि का एक हिस्सा है, जो पूर्वोत्तर भारत के विभिन्न समुदायों, विशेष रूप से लोक और आदिवासी समुदायों की मौखिक परंपराओं, प्रदर्शन कलाओं, दृश्य कलाओं, साहित्य और जीवन शैली के अध्ययन से लेकर अनुसंधान के व्यापक क्षेत्र का अध्ययन और दस्तावेजीकरण करता है।

## पुलिस स्मृति दिवस पर बलिदानियों को किया नमन



**गुवाहाटी ( हिंस )।** पुलिस स्मृति दिवस 2024 के अवसर पर सोमवार को फ्रंटियर मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल (सीसुब) गुवाहाटी के महानिरीक्षक संजय गौड़ की अध्यक्षता में फ्रंटियर मुख्यालय तथा अन्तर्निहित सेक्टर मुख्यालयों एवं वाहिनियों में पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में संयुक्त चिकित्सालय एवं प्रथम वाहिनी आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी एंव जवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन हर वर्ष उन केंद्रीय सशस्त्र बलों एवं राज्य पुलिस संगठन के जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए किया जाता है, जिन्होंने ड्यूटी के दौरान अपने कर्तव्य का निर्वाहन करते हुए देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। बलिदानियों द्वारा निभाई गई भूमिका पर प्रकाश डालते हुए संजय गौड़ ने कहा कि देश सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। उन्होंने पुलिस स्मृति दिवस के इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि 21 अक्तूबर, 1959 को सीआरपीएफ की पेट्रोलिंग पार्टी के ऊपर चीन की सेना के द्वारा हॉट स्प्रिंग लद्दाख में घात लगाकर हमला किया गया था।

## असम विस उपचुनाव: कांग्रेस के चार उम्मीदवारों के नाम घोषित

**गुवाहाटी ( हिंस )।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने असम विधानसभा के आसन्न उपचुनावों के लिए चार उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। इनमें से ध्रुबज्योति पुरकायस्थ को धोलाई निर्वाचन क्षेत्र से टिकट दिया गया है। ज्ञात हो कि यहां के विधायक तथा असम सरकार के मंत्री परिमल शुक्लबैद्य बीते लोकसभा चुनाव में भाजपा की टिकट पर सांसद चुने गए थे। वहीं, संजीब वारले को सिडली निर्वाचन क्षेत्र से, ब्रजेंजीत सिन्हा को बंगाईगांव निर्वाचन क्षेत्र से और तंजील हुसैन को सामागुड़ी निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस ने उमीदवार बनाया है। राज्य की पांचवीं बिहाली सीट को लेकर विपक्षी गठबंधन के बीच काफी रस्सा-कस्सी चल रही थी। गठबंधन के नेता तथा कांग्रेस अध्यक्ष ने बिहाली सीट गठबंधन के घटक वामपंथी दलों को देने का समझौता किया था। लेकिन, कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई इस सीट पर कांग्रेस का ही उम्मीदवार खड़ा करने के लिए पूरा जोर लगा रहे थे। इस सीट को लेकर विपक्षी गठबंधन के बीच बीते कई दिनों से घमासान चल रहा था। एक प्रकार से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा और कांग्रेस सांसद गौरव के बीच खुलकर तनातनी हो गई थी। आखिरकार कांग्रेस नेतृत्व ने यह सीट गठबंधन के घटक दलों के लिए छोड़ दिया। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग ने 13 नवंबर को असम के इन पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनावों कराने की घोषणा की है। इन सीटों पर सिर्फ डेढ़ वर्ष के लिए विधायक चुने जाएंगे। असम की यह सभी पांच सीटें स्थानीय विधायकों के सांसद चुने जाने के बाद खाली हुए थे।

### मनोज चौहान असम कांग्रेस के सह-प्रभारी नियुक्त



**गुवाहाटी ( हिंस )।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान सह-प्रभारी के रूप में सफलतापूर्वक काम कर चुके मनोज चौहान को अब असम की जिम्मेदारी दी गई है। मध्य प्रदेश के सीधी जिले के निवासी मनोज चौहान का कांग्रेस में आगमन राहुल गांधी के टैलेंट हंट के जरिए हुआ था। प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने मनोज चौहान के सह प्रभारी नियुक्ति होने पर खुशी जाहिर की है।

## सिदली सीट से यूपीपीएल का उम्मीदवार घोषित

**गुवाहाटी ( हिंस )।** भाजपा के सहयोगी दल यूपीपीएल ने आसन्न विधानसभा उपचुनाव के लिए सिदली सीट से अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। पार्टी ने पूर्व एमसीएलए निर्मल कुमार ब्रह्म को अपनी पार्टी का उम्मीदवार बनाया है। उल्लेखनीय है कि राज्य की पांच विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को उपचुनाव होने जा रहे हैं। इन क्षेत्रों के विधायकों के बीते लोकसभा चुनाव में सांसद चुने जाने के बाद ये सीटें खाली हो गई थीं। पांच में से तीन सीटों पर भाजपा ने अपनी उम्मीदवार खड़े किए हैं, जबकि दो सीटों पर भाजपा के सहयोगी दल यूपीपीएल तथा असम गण परिषद ने अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं।

## राज्यपाल ने पुलिस स्मृति दिवस पर दीं श्रद्धांजलि

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने आज पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर काहिलीपारा स्थित 4थी असम पुलिस बटालियन में आयोजित एक समारोह में अपने कर्तव्य का पालन करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि दी। उल्लेखनीय है कि पुलिस कर्मियों द्वारा राष्ट्र की रक्षा के लिए दिखाए गए साहस और बलिदान का सम्मान करने के लिए पुलिस स्मृति दिवस मनाता है। इस अवसर पर बोलते हुए राज्यपाल आचार्य ने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस एक ऐसा अवसर है जो हमें अपने पुलिस कर्मियों की वीरता और सर्वोच्च बलिदान का सम्मान करने का अवसर देता है, जिन्होंने अपनी जान की कीमत पर हमें और हमारी मातृभूमि की रक्षा की। इस अवसर पर राज्यपाल ने अपने कर्तव्यों के विभिन्न अभियानों में अपने प्राणों की आहुति देने वाले समर्पित और साहसी पुलिस कर्मियों को याद किया। उन्होंने कहा कि मातृभूमि की खातिर अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिस कर्मियों का समर्पण और उनकी अटूट प्रतिबद्धता हर किसी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों द्वारा दिया गया बलिदान समाज के प्रत्येक सदस्य को सीख लेने और राष्ट्र के लिए



सकारात्मक योगदान देने के लिए एक मार्मिक अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है। राज्यपाल ने प्रत्येक व्यक्ति में देशभक्ति, समर्पण और कर्तव्यपरायणता की भावना पैदा करने के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि ये गुण व्यक्तिगत उत्पादकता प्राप्त करने और राष्ट्र को सफलता की नई ऊंचाइयों को छूने में मदद करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्र की सेवा सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य है, इसकी रक्षा और संरक्षण सेवा का सर्वोच्च रूप होना चाहिए जो कोई अपने जीवनकाल में समर्पित कर सकता है।

## कोकराझाड़ और रंगिया एसएसबी ने मनाया पुलिस स्मृति दिवस





**कोकराझाड़/रंगिया ( विभास )।** छठी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, रानीगुली के प्रांगण तथा इसके समस्त सीमा चौकियों में पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संजीव कुमार, कार्यवाहक कमांडेंट के द्वारा दिनांक 01/09/2023 से 31/08/2024 तक राज्य पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बल के 213 शहीदों का नाम पढ़कर सुनाया गया तथा उन्होंने पुलिस स्मृति परेड पर उपस्थित सभी जवानों को संबोधित करते हुए बताया कि पुलिस स्मृति दिवस भारत में हर साल 21 अक्तूबर को मनाया जाता है। यह दिन उन पुलिस कर्मियों को याद करने के लिए समर्पित है जो देश की सेवा करते हुए शहीद हुए हैं। पुलिस स्मृति दिवस पर पूरे देश में पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी जाती है तथा इनके बलिदानों को याद किया जाता है और उन्हें सम्मान दिया जाता है साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि देश की आंतरिक सुरक्षा एवं सीमा की सुरक्षा में शहीद पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को हमेशा उनके त्याग और बलिदान को स्मरण किया जाता रहेगा, जो इस देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति दी है। इसके उपरान्त महोदय ने राज्य पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बलों के शहीदों को राष्ट्रीय शोक सम्मान के साथ भावभीनी श्रद्धान्जली दी। इस अवसर पर वाहिनी मुख्यालय तथा वाहिनी मुख्यालय के समस्त सीमा चौकियों में उपस्थित सभी अधिकारी व अधिनस्थ अधिकारी एवं जवानों के द्वारा पुलिस स्मृति दिवस पर विगत एक वर्षो में 213 शहीद राज्य / केंद्रीय पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को राष्ट्रीय शोक सम्मान के साथ भावभीनी श्रद्धांजिल दी। **रंगिया** से हमारे संवाददाता के अनुसार रंगिया के मोरानजना स्थित 24वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल में प्रागंण में सोमवार को पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। इस दौरान राजीव राणा, उप-महानिरीक्षक, क्षेत्रक मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल, दीपक सिंह, कमांडेट 24वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल रंगिया सहित अन्य अधिकारियों व सभी जवानों द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही सभी बल कार्मियों ने अमर शहीदों को याद करते हुए वाहिनी की सम्मान गार्ड द्वारा शहीदों को सलामी दिया गया एवं 2 मिनट का मौन रखा तथा उनके परिवारजनों के उज्वल भविष्य के लिए मंगल कामना किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान शहीद सिपाही मुकुल चंद्र मेधी, सशस्त्र सीमा बल, की माता द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान श्री राजीव राणा उप-महानिरीक्षक, क्षेत्रक मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल रंगिया ने शहीदों को याद करते हुए उनके योगदान के बारे में सभी बल कर्मियों को बताया। जिसमें इस वर्ष सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के 2 शहीद जवानों व 211 अन्य पुलिस बलकर्मियों की शहादत के बारे में अवगत कराया गया।

## बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के 106वें स्थापना दिवस पर आयोजित सम्मान समारोह संपन्न

**विश्वनाथ ( विभास )।** हिंदी की दो महान विभूतियों महाप्राण सूर्यकांत त्रिपाठी *निराला* एवं रामवृक्ष बेनीपुरी की पुण्य -स्मृति के समर्पित में आयोजित बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के 106 ठा स्थापना दिवस समारोह एवं 43 वें महाधिवेशन के कल सम्मान सह सम्मान समारोह में असम राज्य के विश्वनाथ जिले युवा साहित्यकार, हिंदी सेवी संतोष कुमार महतो और मनीषा पाल को नामित अलंकरणों से विभूषित किया गया। सर्वप्रथम कल के चतुर्थ वैचारिक सत्र *विश्व बंधुत्व की अवधारणा और भारत* विषय पर आयोजित सत्र के मुजफ्फरपुर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. महेन्द्र मधुकर की अध्यक्षता तथा अनुपमा सिंह के कुशल संचालन के बाद बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. अनिल सुलभ ने सुदूर असम प्रदेश से आए युवा साहित्यकार, हिंदी सेवी तथा प्रचारक क्रमश: संतोष कुमार महतो को शोल से सम्मानित करने के बाद *पं.*



*रामचंद्र भारद्वाज स्मृति सम्मान* और मनीषा पाल को भी शोल द्वारा सम्मानित करने के बाद *किशोरी चतुर्वेदी स्मृति सम्मान* से अलंकृत किया गया। इस मौके पर हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग के अध्यक्ष व वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित, मुजफ्फरपुर के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. महेंद्र मधुकर, चंडीगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. जसबीर चावला, विश्व हिंदी परिषद के महासचिव डॉ. विपिन कुमार, बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के प्रबंध मंत्री कृष्ण रंजन सिंह, सत्र संयोजक डॉ. रेखा भारती तथा असंख्य नामित साहित्यकार व गणमान्य महानुभाव मौजूद थे। इस सम्मान के मिलने के बाद विश्वनाथ जिले साहित्यकार तथा शुभाकांक्षी ने बधाई तथा शुभेच्छा ज्ञापित की। सम्मान से जिले में हिंदी प्रेमी में खुशी की लहर व्याप्त है।

## अभिनेत्री जुबिश्मिता सैकिया ने किया द *दिवाली एडिट* का उद्घाटन

**गुवाहाटी।** देश की अग्रणी एवं सबसे लोकप्रिय प्रदर्शनी आयोजकों में से एक बुटिक्स ऑफ इंडिया (बीओआई) की ओर से आगामी त्योहारों सहित वैवाहिक समारोह के मद्देनजर दो दिवसीय द *दिवाली एडिट* प्रदर्शनी सह बिक्री का शुभारंभ सोमवार से हुआ। महानगर के खानापाड़ा स्थित होटल ताज विवांता में प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन असमिया फिल्मों की अभिनेत्री जुबिश्मिता सैकिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बीओआई की निदेशक श्रीमती मीरा देवी अग्रवाल ने बताया की उद्घाटन के मौके पर वोमानियाज की संस्थापक दिव्या सिवोटीया, बॉस की संस्थापक पायल अग्रवाल जैन, गुवाहाटी सिटी लेडीज सर्कल 159 नूपुर अग्रवाल, शिम्पी जैन, बीओआई के संस्थापक व सीईओ संजय अग्रवाल ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर बुटिक्स ऑफ इंडिया के प्रमुख श्री अग्रवाल ने बताया कि इस बार बीओआई का यह 39वां एडिशन हैं, जिसमें द दिवाली एडिट कलेक्शन लेकर आए हैं। वहीं आगामी अन्य त्यौहारों सहित शादियों का मौसम भी दस्तक देने वाला है। ऐसे में युवती एवं महिलाओं के लिए लेटेस्ट ट्रेंड के एक्सक्लूसिव कलेक्शन व डिजाइनर परिधानों सहित अन्य एसोसरिज इस दो दिवसीय प्रदर्शनी सह बिक्री में उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि एक ही छत के नीचे भारतीय और समकालीन परिधान, असली आभूषण,



ब्राइडल वियर, फैशनेबल गहने, घर की सजावट और कई अन्य उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला इस प्रदर्शनी सह बिक्री में उपलब्ध है। बीओआई की अपनी एक अलग पहचान है और खासकर फैशन डिजाइनरों द्वारा तैयार कपड़े एवं आभूषणों को इस प्रदर्शनी में शामिल किया जाता है। अद्वितीय फैशन और जीवन शैली की प्रदर्शनी में इस बार देश के मेट्रो शहरों से कई नामी गिरामी डिजाइनर और प्रतिभागी व कई नामी-गिरामी ब्रांड शामिल हुए हैं। बीओआई के प्रमुख श्री अग्रवाल बताया कि देश भर के कुछ लोकप्रिय ब्रांडों द्वारा अपने एक्सक्लूसिव कलेक्शन लेकर इस प्रदर्शनी सह बिक्री में शामिल हुए हैं, जिनके कलेक्शन महिलाओं एवं युवतियों को लुभा रहे हैं।

## असम राज्य स्तरीय अणुव्रत क्रिएटिविटी कांटेस्ट 2024 आयोजित

**गुवाहाटी।** अणुव्रत विश्व भारती सोसाइटी (अणुविभा) द्वारा पूरे देश में अणुव्रत क्रिएटिविटी कांटेस्ट-2024 का आयोजन किया जा रहा है, जिसका मुख्य विषय व्यक्तित्व निर्माण से राष्ट्र निर्माण है। इसमें निबंध लेखन, कविता लेखन, चित्रकला, गायन और भाषण प्रतियोगिताओं में कक्षा 5 से 12 तक के देशभर के करीब 1000 स्कूलों के लगभग एक लाख बच्चे भाग ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता चार चरणों में स्कूल, जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जा रही है। अणुव्रत समिति, गुवाहाटी द्वारा इस प्रतियोगिता का स्कूल एवं कामरूप (मेट्रो) जिला स्तरीय आयोजन 19 अक्तूबर को किया गया था। इसी क्रम में आज स्थानीय तेरापंथ धर्मस्थल में अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य महाश्रमणजी के विद्वान सुशिष्य मुनि श्री प्रशांत कुमारजी, मुनि श्री कुमुद कुमारजी के पावन सान्निध्य में असम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन सुबह




10:30 बजे से किया गया, जिसमें कामरूप मेट्रो, बरपेटा, दरंग एवं नगांव जिले के लगभग 50 विजेताओं ने भाग लिया। मुनिश्रीजी ने सभी बच्चों को अणुव्रत के नियमों को अपनाने के साथ एक अच्छा विद्यार्थी एवं इंसान बनने की प्रेरणा दी। ज्ञातव्य हो कि इस प्रतियोगिता का राष्ट्रीय स्तरीय आयोजन अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री महाश्रमणजी के सान्निध्य में दिनांक 6 नवंबर को सूरत (गुजरात) में आयोजित होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ अणुव्रत गीत के संगान से हुआ। अध्यक्ष बजरंग बैद ने उपस्थित सभी बच्चों, उनके परिजनों, शिक्षकों आदि का स्वागत-अभिनंदन किया। इस प्रतियोगिता के प्रायोजक उत्तमचंद माणक नाहटा एवं निर्णायक मंडल का सम्मान किया गया। निर्णायक मंडल में सीए रतन अग्रवाल, सीए पंकज भूरा, सीए पवन लोढ़ा, संतोष शर्मा, विनोद शर्मा, मनोज पंडित, रश्मि खाटुवाला, अरविंद केजरीवाल, रोनित पारीक, सुश्री डिम्पल नाहर, योगेश चौरड़िया, कंचन शर्मा, अरूप शर्मा थे। प्रतियोगिता का संचालन सारिका दुगड़ एवं तथा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का संचालन आस्था नाहटा ने किया। असम राज्य विजेताओं (ग्रुप-ए एवं ग्रुप-बी) में गायन (एकल) में सुश्री नेहा भुयां एवं सुश्री चंद्रमिका शर्मा (संदीपनी विद्या मंदिर, नगांव), गायन (समूह) में ओमप्रकाश जाजोदिया (हिंदी हाईस्कूल, नगांव) एवं साउथ प्वाइंट स्कूल गुवाहाटी, भाषण में आकांग्सा साहा (खारुपेटिया ) एवं तनुश्री मिश्रा (साउथ प्वाइंट स्कूल, गुवाहाटी), कविता में कामाक्षी हजारिका (महर्षि विद्या मंदिर, सिलपुखरी, गुवाहाटी) एवं मुस्कान कुमारी (नगांव इंग्लिश एकेडमी), निबंध में श्रृष्टि गोगोई (महर्षि विद्या मंदिर, सिलपुखरी, गुवाहाटी) एवं रिमी सैकिया (मॉर्निंग स्टार स्कूल, खारुपेटिया), चित्रकला में भास्कर ज्योति नाथ (शंकर माधव चित्रकला विद्यालय, नगांव) एवं सुनंदा पोद्दार (नगांव) रहे। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में इस प्रतियोगिता के पूर्व भारत प्रभारी संजय चौरड़िया एवं असम प्रभारी विकास झाबक के साथ स्थानीय संघीय संस्थाओं के पदाधिकारीगण भी उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता के स्थानीय संयोजिका सरोज बरड़िया एवं रंजू बरड़िया थी। धन्यवाद ज्ञापन सहमंत्री सुरेश मालू ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। इस आशय की जानकारी उपाध्यक्ष नवरतन गधैया ने यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी।

संपादकीय

# पर्यटक की दृष्टि में संतुष्टि

**उम्मीद** की जा सकती है कि सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी तरुण श्रीधर की अध्यक्षता में गठित समिति, पर्यटन विकास निगम की घाटे की इकाइयों को सफल होने का नुस्खा सुझा दे, लेकिन सार्वजनिक उपक्रमों के बाल की खाल निकालना इतना भी आसान नहीं कि सुझावों की पवित्रता को पूरी तरह अपना लिया जाए। सुधारों की गुंजाइश सार्वजनिक क्षेत्र के हर पहलू में है। ऐसे में परिवहन निगम से मिल्क फेडरेशन तक के कामकाज को आईना दिखाया जा सकता है। इन तमाम निगमों की संपत्तियों का सही इस्तेमाल, संचालन तथा व्यावसायिक प्रबंधन के अलावा जवाबदेही तथा कार्यशैली में बदलाव की जरूरत है। मसलन एक-दो त्योहारों में मिठाई व अन्य उत्पाद बाजार में उतारने के बाद मिल्क फेडरेशन पूरा साल खामोशी से गुजार देती है। मसला मांग का नहीं है, लेकिन बाजार या उद्योग की मांग को संतुष्ट करने का है। हिमाचल का एक छोटा सा ढाबा अगर पर्यटक को संतुष्ट कर सकता है, तो निगम के पूर्ण प्रशिक्षित कर्मचारी यह सम्मान क्यों हासिल नहीं कर पाते। निस्संदेह निगम के होटलों का जायका अपनी विशिष्टता रखता है, लेकिन इस खासियत का पैगाम बिखरा हुआ है। दिल्ली के हिमाचल भवन में हिमाचली थाली में संतुष्टि का एहसास अगर राजधानी में गूंज जाए, तो ब्रांड हिमाचल सामने आएगा। आंध्र भवन में व्यंजनों की थाली क्यों दिल्ली का दिल जीतती है, अगर इसे समझ लें, तो पर्वतीय हिसाब से हम भी खासियत रखते हैं। कभी हिमाचली पर्यटन का ब्रांड, पर्यटन विकास निगम हुआ करता था। सारे टूअर और इससे जुड़े इंतजाम विकास निगम की प्रतिष्ठा के साथ अंगीकार होते थे, लेकिन या तो कार्य संस्कृति या होटल थक गए। होटल इंडस्ट्री हर साल बदल रही है और सैलानियों की अनुभूति में निरंतर ताजगी भरना ही मूल अंतर पैदा करता है। पर्यटन निगम के होटलों की ड्राइंग थक चुकी है। क्रॉकरी पुरानी हो चली है और लिनन अपना पैटर्न खो चुकी है। ऐसे में सबसे पहले पर्यटन विकास निगम को यह सुनिश्चित करना होगा कि उसका मुकाबला निजी होटल से नहीं, ग्राहक की संतुष्टि से है। यह संतुष्टि आवभगत व खानपान से भी अधिक माहौल से है। टूरिज्म के होटलों का ढांचा कब तक रेस्ट हाउस से मेल खाता रहेगा। पर्वतीय शैली के तहत आधुनिक अंदाज, सुविधा और समर्पण की महक इमारतों के नक्शे बदलने से आएगी। ऐसे में थके हुए होटलों को नए पोशाक, नई ऊर्जा और नए संकल्प पहनाने की जरूरत है। पर्यटन के हिमाचली ब्रांड का सरताज अगर निगम को बनना है, तो यह अध्ययन जरूरी है कि कौनसा होटल किस श्रेणी के सैलानियों को संतुष्ट कर सकता है। आज हिमाचल में युवा पर्यटक बढ़े हैं, लिहाजा उनके स्तर के बजट होटल, कैंपिंग साइट्स तथा छात्रावास जैसे माहौल की व्यवस्था करके टूरिज्म कारपोरेशन अपनी संपत्तियों में आवश्यकतानुसार बदलाव कर सकता है। कुछ होटलों का स्तर उठाना पड़ेगा, जबकि कई बजट टूरिस्ट के मुताबिक तय करने होंगे। हिमाचल टूरिज्म कारपोरेशन को अपने संपर्क और उद्योग की हैंडलिंग का सूत्रधार बनना होगा। मसलन रेलवे के साथ जुड़कर और विभिन्न राज्यों के परिवहन निगमों, रोडवेज व पर्यटन एजेंसियों के साथ मिलकर सर्किट पर काम करना होगा। उदाहरण के लिए दिल्ली-लेह या दिल्ली-काजा यात्रा को ही पर्यटन की दृष्टि से संतुष्ट करना हो, तो कई मंजिलों पर वीरान हुई संपत्तियां आबाद हो सकती हैं। अंब-अंदौरा तक आती वंदे भारत से पर्यटन निगम ताल बैठाए या कांगड़ा, शिमला व कुल्लू की उड़ानों से सीधा जुड़े, तो सरकारी होटलों में बरकत आएगी। पर्यटन निगम को हिमाचली पर्यटन का वास्तविक ब्रांड तथा आने वाले सैलानियों की संतुष्टि का कारक बनने की जद्दोजहद करने का मादा पैदा करना है, तो यह हर तरफ से सुधार होगा।

> पर्यटन विकास निगम की घाटे की इकाइयों को सफल होने का नुस्खा सुझा दे, लेकिन सार्वजनिक उपक्रमों के बाल की खाल निकालना इतना भी आसान नहीं कि सुझावों की पवित्रता को पूरी तरह अपना लिया जाए। सुधारों की गुंजाइश सार्वजनिक क्षेत्र के हर पहलू में है। ऐसे में परिवहन निगम से मिल्क फेडरेशन तक के कामकाज को आईना दिखाया जा सकता है। इन तमाम निगमों की संपत्तियों का सही इस्तेमाल, संचालन तथा व्यावसायिक प्रबंधन के अलावा जवाबदेही तथा कार्यशैली में बदलाव की जरूरत है। मसलन एक-दो त्योहारों में मिठाई व अन्य उत्पाद बाजार में उतारने के बाद मिल्क फेडरेशन पूरा साल खामोशी से गुजार देती है। मसला मांग का नहीं है, लेकिन बाजार या उद्योग की मांग को संतुष्ट करने का है। हिमाचल का एक छोटा सा ढाबा अगर पर्यटक को संतुष्ट कर सकता है, तो निगम के पूर्ण प्रशिक्षित कर्मचारी यह सम्मान क्यों हासिल नहीं कर पाते। निस्संदेह निगम के होटलों का जायका अपनी विशिष्टता रखता है, लेकिन इस खासियत का पैगाम बिखरा हुआ है।

## वर्ष 2024 में चीन की विकास दर घटकर 4.0 फीसदी होगी

# वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत के मौके

डा. जयंतीलाल भंडारी

> आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में आसियान देशों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक के बाद जो बयान जारी किया है, उसके मुताबिक ये देश इस समूचे क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता से असहज और परेशान हैं तथा भारत के साथ आर्थिक, कारोबारी व सुरक्षा संबंधों का नया दौर आगे बढ़ाएंगे। इसी तरह हाल ही में वल्ड बैंक के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट अक्टूबर 2024 में कहा गया है कि वैश्विक चुनौतियों के बीच चीन के प्रोत्साहन उपायों के बावजूद चीन की अर्थव्यवस्था सुस्त होगी और भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

**हाल** ही में लाओस के वियनतियाने में आयोजित आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में आसियान देशों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक के बाद जो बयान जारी किया है, उसके मुताबिक ये देश इस समूचे क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता से असहज और परेशान हैं तथा भारत के साथ आर्थिक, कारोबारी व सुरक्षा संबंधों का नया दौर आगे बढ़ाएंगे। इसी तरह हाल ही में वल्ड बैंक के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट अक्टूबर 2024 में कहा गया है कि वैश्विक चुनौतियों के बीच चीन के प्रोत्साहन उपायों के बावजूद चीन की अर्थव्यवस्था सुस्त होगी और भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। वर्ष 2024 में चीन की विकास दर घटकर 4.0 फीसदी होगी। जबकि भारत की विकास दर 6.3 फीसदी से अधिक रहेगी। वस्तुतः भारत के पास उपभोक्ताओं का उभरता हुआ विशाल बाजार, युवाओं में जबरदस्त ढंग से आगे बढ़ने की ललक, उद्यमिता की भावना और सुधार का रवैया वैश्विक संघर्ष और चुनौतियों के बावजूद भारत के लिए नए अवसरों का आधार है। गौरतलब है कि विगत 4 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरे कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि रूस-यूक्रेन और इजराइल-ईरान युद्ध की अनिश्चितता के बीच भी दुनिया का भारत पर असाधारण आर्थिक विश्वास बना हुआ है। मोदी ने कहा कि दुनिया की नजरों में यह युग भारत का युग है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। दुनिया में भारत ग्लोबल फिनटेक एडाप्शन के मामले में पहले क्रम पर है। इंटरनेट उपभोक्ताओं के मामले में दूसरे क्रम पर है। स्टार्टअप के मामले में तीसरे क्रम पर है और नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के मामले में चौथे क्रम पर है। इतना ही नहीं, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और मूडीज जैसी वैश्विक एजेंसियां वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच भारत को दुनिया की सबसे विश्वसनीय और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ-साथ निवेश के पसंदीदा देश के रूप में देख रही हैं। यद्यपि इस समय पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध के विस्तारित होने के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में गिरावट का दौर बढ़ रहा है, लेकिन फिर भी भारतीय अर्थव्यवस्था में वैश्विक विश्वास और तेज विकास के मद्देनजर देसी उद्यमियों के साथ वैश्विक उद्यमियों के लिए भी बढ़ते अवसरों का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है।



इस परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि हाल ही में दुनिया की ख्याति प्राप्त वित्तीय सेवा फर्म मॉर्गन स्टेनली ने कहा है कि सितंबर 2024 के दौरान भारत ने चीन को पीछे छोड़ते हुए खुद को निवेश की पसंदीदा जगह बना लिया है। इसी परिप्रेक्ष्य में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपनी नई रिपोर्ट 2024 में कहा है कि भारत आर्थिक विकास, विदेशी निवेश और नई तकनीकों के उपयोग की ऊंची संभावनाओं वाला देश है। अमेरिका चैंबर ऑफ कॉमर्स की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2024 में अमेरिका की कंपनियों की वैश्विक निवेश पसंदगी में भारत का दूसरा स्थान है। इस समय चीन अमेरिकी निवेशकों की प्राथमिकता खोता जा रहा है। इतना ही नहीं, अमेरिका और चीन में बढ़ते तनाव के माहौल में इस समय चीन में कार्यरत 12 लाख करोड़ रुपए निवेश वाली 50 अमेरिकी कंपनियां अपना कारोबार चीन से समेटने की तैयारी में हैं। इन कंपनियों में से 15 कंपनियां भारत में निवेश की तैयारी कर रही हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि विगत 23 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका यात्रा के दौरान न्यूयॉर्क में एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर जैसी अत्याधुनिक तकनीकों पर काम करने वाली 15 प्रमुख अमेरिकी कंपनियों के सीईओ को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के बहुआयामी क्षेत्रों में दुनिया के लिए अपार आर्थिक मौके हैं। साथ ही भारत के प्रति अपार आशावाद भी भारत को प्रगति की डगर पर आगे बढ़ा रहा है। बौद्धिक संपदा की सुरक्षा, तकनीकी नवाचार को बढ़ावा, इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी तथा विनिर्माण क्षेत्र को ऊंचाई पर पहुंचाने के लिए भारत रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। भारत पिछले तीन लगातार वर्षों से 7 प्रतिशत से अधिक की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। इस समय भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अब उनके तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार भारत को 'सेमीकंडक्टर विनिर्माण का वैश्विक केंद्र' बनाने के लिए भी प्रतिबद्ध है। ऐसे में वैश्विक कंपनियों को भारत की विकास गाथा का लाभ उठाना चाहिए तथा भारत के आर्थिक और तकनीकी विकास से अवसरों का दोहन करना चाहिए। इसमें कोई दो मत नहीं है कि अब भारत को आर्थिक दुनिया के एक उभरते सितारे के रूप में देखा जा रहा है, जो भारत की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय साख को दर्शाता है। वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक मंचों पर भारत को विशेष अहमियत भारत की आर्थिक स्थिति से भी मिल रही है। अमेरिका और रूस दोनों महाशक्तियों के साथ भारत की मित्रता के नए अध्याय दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा एवं भारतीय बाजार में मौके बढ़ा रहे हैं। निःसंदेह भारत में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर, कृषि विकास और बढ़ती ग्रामीण अर्थव्यवस्था देश और दुनिया के कारोबारियों और निवेशकों के लिए मौकों का नया द्वार खोल रही है। देश में खाद्यान्न उत्पादन ऊंचाई बना रहा है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक अब देश की खाद्य सुरक्षा के साथ-साथ वैश्विक खाद्य सुरक्षा में अहम भूमिका निभाने के लिए भारत रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। अब भारत दुनिया के खाद्य कटोरे के रूप में रेखांकित हो रहा है। भारत दुनिया के 150 से अधिक देशों को खाद्य पदार्थों के निर्यातक देश के रूप में दुनिया में रेखांकित हो रहा है। भारत दुनिया का आठवां बड़ा कृषि निर्यातक देश बन गया है। उल्लेखनीय है कि भारतीय शेयर बाजार ऊंचाई पर है और दुनिया के लिए भारतीय शेयर बाजार में मौके बढ़ रहे हैं। वर्ष 2024 की शुरुआत से भारत में आईपीओ का बाजार गुलजार है। भारत में म्युचुअल फंड (एमएफ) में निवेश छलांगें लगाकर बढ़ रहे हैं। अगस्त 2024 तक डीमैट खातों की संख्या 17.10 करोड़ के पार हो गई है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि विदेश व्यापार में भारत की नई संभावनाएं दुनिया के लिए नए मौके के रूप में हैं। 'चीन प्लस वन' रणनीति के तहत भारत दुनिया के सक्षम व भरोसेमंद देश के रूप में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में नई भूमिका निभा रही है।

दृष्टि कोण

# वित्तीय संकट में कर्मचारी हित कहां तक?

**हिमाचल** प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सत्ता संभालने के बाद एनपीएस एवं सचिवालय कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्हें सरकार की रीढ़ की हड्डी बताया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के कठिन परिश्रम और सहयोग से ही सरकार अपनी नीतियों और कार्यक्रमों को सही दिशा में क्रियान्वित कर सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार कर्मचारियों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध रखेगी तथा उनके सभी देय लाभ समय पर प्रदान करने के लिए कृतसंकल्प है। परंतु वर्तमान सरकार के कार्यकाल का दूसरा साल भी पूरा होने को है, लेकिन कर्मचारियों के देय लाभ की अदायगी अभी तक नहीं हो सकी। हिमाचल सरकार के एक और निर्णय के अनुसार सरकार के सचिवालय, विभिन्न विभागों एवं सार्वजनिक उपक्रमों के कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को सितंबर महीने से वेतन हर महीने की 5 तारीख तथा पेंशन 10 तारीख को वितरित की जाया करेगी। इससे सरकार ब्याज के 36 करोड़ रुपए सालाना बचाएगी। सितंबर पहली तारीख को वेतन एवं पेंशन की अदायगी नहीं होने पर कर्मचारियों ने राज्य के विभिन्न स्थानों पर धरना प्रदर्शन किए। सचिवालय कर्मचारी संगठन के कुछ नेताओं को प्रिविलेज नोटिस जारी किया गया तथा अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई। कर्मचारियों तथा पेंशनरों का विरोध करना जायज है, क्योंकि कर्मचारियों को अपनी जायज मांगों के लिए प्रदर्शन करना ट्रेड यूनियन एक्ट के तहत अधिकार भी है, अगर यह नियमानुसार किया हो। परंतु सरकार ने कर्मचारियों को सितंबर महीने का वेतन पहली अक्टूबर तथा पेंशनरों को पेंशन 10 तारीख को जारी की तथा अब सरकार ने कर्मचारियों तथा पेंशनरों को अक्टूबर महीने का वेतन 28 अक्टूबर को 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते के साथ देने का आदेश जारी किया। इस पर कर्मचारियों के नेताओं ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। इसके लिए न ही कर्मचारियों को धन्यवाद और न ही सरकार को एहसान जताना चाहिए। यह कर्मचारियों/पेंशनर्ज का अधिकार है। अभी और भी महंगाई भत्ते की किस्तें तथा इसका बकाया पेंडिंग है जिसका कोई जिक्र तक नहीं है। प्रदेश सरकार में रहे पूर्व मुख्यमंत्रियों तथा देश की केंद्रीय सरकारें तथा अन्य राज्यों की सरकारें भी महीने की पहली तारीख को वेतन/पेंशन अदा करती रही हैं और अब भी कर रही हैं। हिमाचल प्रदेश सरकार को भी पूरे देश के साथ एकरूपता बनाए रखनी चाहिए और अपने इस फैसले को कर्मचारियों/पेंशनरों के हित में वापस लेना चाहिए। इसके साथ कर्मचारियों/पेंशनरों को संशोधित वेतनमान/पेंशन का एरियर्स तथा सेवानिवृत्ति लाभ एकमुश्त, अविलंब दे देना चाहिए, क्योंकि संशोधित वेतनमान लागू हुए बहुत समय हो चुका है। देय राशि को छोटी-छोटी किस्तों में देना उनके साथ न्याय नहीं है, क्योंकि यह राशि उन्होंने पूर्व में कमाई हुई है। कर्मचारी/रिटायर्ड कर्मचारी अपनी बहुत सी जिम्मेदारियों को इसी राशि से निभाते हैं। सरकार स्थायी संस्था है, ओवर ड्राफ्ट और देनदारियों का सिलसिला चलता रहता है। प्रदेश सरकार के साथ वार्ता के लिए सभी विभागों की एक फेडरेशन होनी चाहिए जिसे सरकार को मान्यता देकर हर माह वार्ता के लिए बुलाना चाहिए। इस समय हिमाचल सरकार की देनदारियां 90000 करोड़ हो गई हैं। इसका हवाला देकर वर्तमान सरकार कर्मचारियों की देय महंगाई भत्ते की किस्तें, संशोधित वेतनमान/पेंशन का एरियर्ज आदि नहीं दे रही है। कर्मचारियों तथा उनके नेताओं को चाहिए और यह आवश्यक भी है कि वे अपने-अपने विभागों के प्रबंधन के साथ मिलकर अपने संगठनों की वित्तीय स्थिति सुधारने के बारे में सोचें। यूनियन एवं प्रबंधन को कर्मचारियों के कर्तव्यों के बारे में बताना होगा ताकि विभागों की वित्तीय स्थिति में सुधार हो सके तथा संगठन के उद्देश्य प्राप्त किए जा सकें। इस समय हिमाचल प्रदेश में 23 में से 14 सार्वजनिक उपक्रम घाटे में चल रहे हैं। इनका कुल घाटा 31 मार्च 2023 को 5143.4 करोड़ रुपए था। घाटे में एचआरटीसी पहले, एचपीएसईबी दूसरे, एचपीपीसीएल तीसरे तथा एचपीटीसीएल चौथे स्थान पर है। इन सार्वजनिक उपक्रमों के घाटे से उनकी वित्तीय व्यवहार्यता, इन पीएसयू में काम करने वाले कर्मचारियों की आजीविका पर असर डाल रही है। सरकार, प्रबंधन और कर्मचारी नेताओं को इक‍्‍ बैठ कर इन पीएसयू के पुनरोद्धार के लिए हस्तक्षेप करना चाहिए, ताकि ये पीएसयू अपने कर्मचारियों का वेतन, पेंशन, वेतनमानों का एरियर्ज आदि तथा अपने कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन दे सकें। परंतु सरकार किसी संगठन में कोई सुधार कर रही है तो संबंधित विभाग की कर्मचारियों की यूनियन से सलाह लिए बगैर आदेश जारी कर रही है।

कुछ अलग

# कच्ची उम्र का विवाह

**यह** किसी समाज के लिये बेहद नकारात्मक टिप्पणी है कि सदियों के प्रयास के बावजूद वहां बाल विवाह की कुप्रथा विद्यमान है। यहां यह विचारणीय तथ्य है कि समाज में ऐसी प्रतिगामी सोच क्यों पनपती है कि लोग परंपराओं को कानून से ऊपर समझने लगते हैं। हमें यह भी सोचना होगा कि कानून की कसौटी पर अस्वीकार्य होने के बावजूद बाल विवाह की परंपरा क्यों जारी है? यह हम सभी जानते हैं कि कम आयु के बच्चे अपने भविष्य के जीवन के बारे में परिपक्व फैसला लेने में सक्षम नहीं होते। साथ ही वे इस स्थिति में भी नहीं होते कि उनके जीवन पर थोपे जा रहे फैसले का मुखर विरोध कर सकें। उनके सामने आर्थिक स्वावलंबन का भी प्रश्न होता है। लेकिन अभिभावक क्यों इस मामले में दूरदृष्टि नहीं रखते? सही मायने में बाल विवाह बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ ही है। भले ही मजबूरी में वे इस थोपे हुए विवाह के लिये राजी हो जाएं, लेकिन उसकी कसक जीवन पर्यंत बनी रहती है। जो उनके स्वाभाविक विकास में एक बड़ी बाधा बन जाता है। इसको लेकर समाज में जागरूकता के प्रसार की जरूरत है ताकि बच्चे भी ऐसे किसी प्रयास का विरोध कर सकें। जिसमें बाल विवाह पर नियंत्रण करने वाले विभागों की जिम्मेदारी व सजगता बढ़ाने की भी जरूरत है। जिससे बाल विवाह का विरोध करने वाले किशोरों को भी संबल मिल सके। यही वजह है कि इस संबंध में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट को कड़ा रुख दिखाते हुए कहना पड़ा कि कानून परंपराओं से ऊपर है। कोर्ट का कथन तार्किक है कि जिन बच्चों की कम उम्र में शादी करा दी जाती है क्या वे इस मामले में तार्किक व परिपक्व सोच रखते हैं? एक संबंधित याचिका पर सुनवायी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह समय की मांग है कि इस कानून को लागू करने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर किया जाए। इस बाबत उन समुदायों व धर्मों के लोगों को बताया जाना चाहिए कि बाल विवाह कराया जाना एक आत्मघाती कदम है। यह समझना कठिन नहीं है कि कम उम्र में विवाह कालांतर जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य के लिये भी घातक साबित होता है। उनकी पढ़ाई ठीक से नहीं हो पाती और वे अपनी आकांक्षाओं का कैरियर भी नहीं बना सकते। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का कथन इस सामाजिक बुराई के उन्मूलन में मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है। कोर्ट को कहना पड़ा कि बाल विवाह रोकथाम अधिनियम को व्यक्तिगत कानूनों के जरिये बाधित नहीं किया जा सकता। यद्यपि कोर्ट ने यह भी स्वीकार किया कि यह कानून संपूर्ण नहीं है और इससे जुड़ी कुछ कमियों को दूर करने की जरूरत है। जिसके निराकरण के लिये समन्वय का ध्यान रखने की जरूरत है। अदालत ने एक महत्वपूर्ण बात भी कही कि बच्चों पर बाल विवाह थोपना उनके अपनी पसंद का जीवनसाथी चुनने की स्वतंत्र इच्छा का भी दमन है। निश्चय ही इस बाबत बदलाव लाने के लिये कानून में जरूरी बदलाव लाने के साथ ही समाज में जागरूकता लाने की भी जरूरत है।



देश दुनीया से

# भ्रष्टाचार से कांग्रेस ने सबक नहीं सीखने की ठान ली!

> कांग्रेस के केंद्र और ज्यादातर राज्यों से सत्ता बाहर होने का एक प्रमुख कारण भ्रष्टाचार रहा है। इसके बावजूद कांग्रेस के नेता भ्रष्टाचार से दामन नहीं छुड़ा पाएं हैं। कर्नाटक कांग्रेस की सरकार के जमीनों में बंदरबांट इसका नया उदाहरण है। इसके चलते मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मारी गौड़ा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उल्लेखनीय है कि उनका इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनकी पत्नी बीएन पार्वती और उनके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ चल रहे भूमि घोटाले की जांच राज्य और केंद्रीय एजेंसियों द्वारा की जा रही है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर लोकायुक्त और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच की जा रही है।

**कांग्रेस** ने भ्रष्टाचार के कारण देशभर में हुई बदनामी से सत्ता गंवाने के बावजूद सबक नहीं सीखा है। कांग्रेस के केंद्र और ज्यादातर राज्यों से सत्ता बाहर होने का एक प्रमुख कारण भ्रष्टाचार रहा है। इसके बावजूद कांग्रेस के नेता भ्रष्टाचार से दामन नहीं छुड़ा पाएं हैं। कर्नाटक कांग्रेस की सरकार के जमीनों में बंदरबांट इसका नया उदाहरण है। इसके चलते मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मारी गौड़ा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उल्लेखनीय है कि उनका इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनकी पत्नी बीएन पार्वती और उनके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ चल रहे भूमि घोटाले की जांच राज्य और केंद्रीय एजेंसियों द्वारा की जा रही है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर लोकायुक्त और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच की जा रही है। सिद्धारमैया और उनकी पत्नी बीएन पार्वती पर मैसूरु के विजयनगर क्षेत्र में 14 प्लॉट आवंटित किए गए प्लॉट को लेकर सवाल उठे थे। सिद्धारमैया की पत्नी ने प्लॉट लौटाने की पेशकश की थी। जिसे वापस लेने पर प्राधिकरण ने सहमति जताई। मुख्यमंत्री के जमीन आंवटन में हेराफेरी की जांच के बीच मल्लिकार्जुन खडग़े ने कर्नाटक द्वारा आवंटित जमीन लौटा दी। यह विवाद मार्च 2024 में शुरू हुआ, जब कर्नाटक कांग्रेस सरकार ने राहुल खडग़े की अध्यक्षता वाले सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट को ज़मीन दी। विचाराधीन भूमि मल्लिकार्जुन खडग़े के बेटे राहुल एम खडग़े को कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (केआईएडीबी) द्वारा बगलूर में हाई-टेक डिफेंस एंड एयरोस्पेस पार्क के हार्डवेयर क्षेत्र में आवंटित की गई थी। कांग्रेस का शायद ही ऐसा कोई वरिष्ठ नेता होगा जिस पर भ्रष्टाचार के आरोप और मामले दर्ज नहीं किए गए हैं। पार्टी में कनिष्ठ से लेकर शीर्ष तक के नेताओं के खिलाफ गंभीर मामले चल रहे हैं। यहां तक कि पार्टी चलाने वालीं पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके बेटे राहुल गांधी भी जमानत पर चल रहे हैं। भ्रष्टाचार के मामलों को देखें तो दिल्ली से लेकर हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से लेकर महाराष्ट्र तक के बड़े कांग्रेस नेता सीबीआई, इनकम टैक्स और ईडी जैसी एजेंसियों के निशाने पर हैं। हालांकि कांग्रेस अपने नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से इनकार करती रही है। पार्टी का कहना है कि बीजेपी की मोदी सरकार राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है। करोड़ों की एंबुलेंस खरीद में पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम के पुत्र कार्ति चिदम्बरम, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ए.ए खान, श्वेता मंगल, शफी माथेर और निदेशक एन आर एच एम के विरूद्ध 2013 तक एनआरएचएम के तहत एंबुलेंस खरीदने में हुई धांधली का मामला दर्ज किया गया था। एंबुलेंस खरीदने के लिए जो टेंडर जारी किया गया, उसमें गड़बड़ी की गई थी। इस मामले में 31 जुलाई 2014 को जयपुर के अशोक नगर थाना पुलिस ने जयपुर नगर निगम के पूर्व मेयर पंकज जोशी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। कर्नाटक में कांग्रेस के दिग्गज नेता डीके शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति दर्ज करने का मामला चल रहा है। 2017 में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने डीके शिवकुमार के 64 ठिकानों पर जबर्दस्त छापेमारी की थी। टैक्स चोरी की शिकायतों पर यह कार्रवाई हुई थी। उस दौरान डीके शिवकुमार व अन्य कांग्रेस नेताओं ने राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई करने का आरोप लगाया था। इसी तरह वीरभद्र सिंह हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता वीरभद्र सिंह के खिलाफ भी केंद्रीय एजेंसियों ने जांच की। सितंबर 2015 में उनकी बेटी की शादी के दिन सीबीआई ने छापेमारी कर खलबली मचा दी थी। कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी के राजनीतिक सचिव अहमद पटेल पर इतालवी चॉपर कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड से कमीशन लेने के आरोपों की सीबीआई आदि केंद्रीय एजेंसियां जांच कर रही हैं। इस मामले में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी भी फंसे हैं। यह मामला अगस्ता वेस्टलैंड कंपनी से 36 अरब रुपए के 12 वीआईपी हेलिकॉप्टर खरीदने थे से जुड़ा है। आरोप है कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया इस वीआईपी चॉपर खरीद के पीछे अहम भूमिका निभा रही थीं। बीजेपी के राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने इस मामले को पिछली मोदी सरकार में उठाया था, जिसके बाद घमासान मचा था। नेशनल हेराल्ड केस-2011 में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, उनके बेटे राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेता फंसे हैं। आरोप है कि कांग्रेस के पैसे से 1938 में एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड नाम की कंपनी खड़ी की गई, जो नेशनल हेराल्ड, नवजीवन और क़ौमी आवाज़ नामक तीन अखबारों का संचालन करती थी। एक अप्रैल 2008 को सभी अखबार बंद हो गए. इसके बाद कांग्रेस ने 26 फरवरी 2011 को इसकी 90 करोड़ रुपये की देनदारियों को अपने जिम्मे ले लिया था। मतलब पार्टी ने इसे 90 करोड़ का लोन दे दिया।

आप का नजरीया

# प्रदूषण की 'सफेद झाग'

**राजधानी** दिल्ली में प्रदूषण इस पराकाष्ठा तक पहुंच गया है कि यमुना नदी में पानी के स्थान पर 'सफेद झाग' उभर आई है। यह प्रदूषित और जहरीली झाग है। यमुना नदी इतिहास के पन्नों में खो गई है। वह अब या तो गंदा नाला है अथवा सफेद झाग का कोई गहरा गड्ढा...। यमुना किनारे औद्योगिक इकाइयों के कचरे का अपशिष्ट नदी में गिर रहा है। आखिर इन इकाइयों को वहां से हटाया क्यों नहीं गया? प्रदूषण के कणों से मिलकर कचरा सफेद झाग में तबदील हो रहा है। कई बार ऐसा एहसास होता है मानो यमुना नदी की सतह पर सफेद बादल बन गए हों, लेकिन यह झाग दिल्ली के खतरनाक और जानलेवा पर्यावरण का प्रतीक है। यमुना भी एक राजनीतिक जुमला बन कर रह गई है। बीते 8 सालों के दौरान यमुना की सफाई पर करीब 6856 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। यह राशि केंद्र सरकार ने बजट के तौर पर दिल्ली सरकार को दी है। अद्र्धराज्य सरकार ने 1000 करोड़ रुपए से अधिक का उपकर 'प्रदूषण सेस' भी दिल्लीवालों पर थोपा है। यह पूरी राशि कहां खर्च की गई, यमुना अब भी प्रदूषित और जहरीली क्यों है, तत्कालीन मुख्यमंत्री केजरीवाल ने सरेआम कहा था कि यमुना में डुबकी मारने की स्थिति न हो जाए, तो दिल्ली 'आम आदमी पार्टी' को वोट मत देना, करदाता का पैसा कहां फूंक दिया गया, इन तमाम सवालों के जवाब केजरीवाल एंड कंपनी को देने ही होंगे। दिल्ली के 'गैस चैंबर' में अदालतें भी मौजूद हैं। न्यायाधीश भी बसे रहने को अभिशप्त हैं। क्या वे 'आप' सरकार को तलब करके ये सवाल नहीं पूछेंगे? यह 'सफेद झाग' जानलेवा भी साबित हो सकता है। छठ पर्व की पूजा और स्नान के दिन बहुत दूर नहीं हैं। धार्मिक आस्था के लोग अब भी सफेद झाग की यमुना में अपने बच्चों का स्नान करवा रहे हैं। ऐसी तस्वीरें मीडिया में छपी हैं। या तो उन्हें सफेद झाग के जहरीले प्रभावों की जानकारी नहीं है अथवा वे धार्मिक तौर पर विवश हैं, लिहाजा उस सफेद झाग के संपर्क में हैं! ईश्वर न करे कि वे बच्चे बीमार हों, लेकिन कोई अनहोनी हो गई, तो क्या उसका अपराध दिल्ली सरकार पर चस्पा किया जाएगा? दरअसल यह राजनीतिक जमात इतनी बेशर्म क्यों है कि यमुना की सफाई तक नहीं कराई जा सकी, जबकि सरकार को पर्याप्त बजट दिया गया था? करीब 10 साल तक केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बने रहे और यमुना की निर्मलता और विरलता के जुमले उछालते रहे, अंततः यमुना में जहरीली झाग पैदा हो गई। क्या लोकतंत्र में जवाबदेही की कोई गुंजाइश नहीं होती? चूंकि राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक बेहद खराब और गंभीर स्थिति में पहुंच चुका है। एक दर्जन से अधिक हॉट स्पॉट ऐसे हैं, जहां वायु का स्तर 300-400 या उससे अधिक हो गया है। देश की राजधानी की 'हवा' इतनी विषाक्त हो चुकी है कि आश्चर्य होता है। सांस घुटने लगा है, खांसी लगातार हो रही है, निमोनिया के केस भी आ रहे हैं, हार्ट अटैक अचानक होने लगे हैं। दिमागी बीमारियां भी उभर सकती हैं। जन्म लेने वाले शिशुओं के वजन कम हो सकते हैं। कुछ दीर्घकालीन बीमारियां भी पैदा हो सकती हैं।

# मुख्यमंत्री ने 1, 239 नवनियुक्त पुलिस अवर निरीक्षकों को सौंपे नियुक्ति पत्र



**पटना ( हिंस )।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र स्थित बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 1, 239 नवनियुक्त पुलिस अवर निरीक्षकों को नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया। उन्होंने नवनियुक्त पुलिस अवर निरीक्षकों मधु कश्यप, गौतम कुमार, शोभा रानी, लाडली कुमारी, शिवेश कुमार झा, कोमल कुमारी, रीना कुमारी तथा रौशनी कुमारी को सांकेतिक रूप से नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ करने के पश्चात मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज के नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में 1, 239 नवनियुक्त पुलिस अवर निरीक्षकों को नियुक्ति प्रमाण पत्र दिया जा रहा है। इनमें 442 महिलाएं चयनित हुई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 के पहले कानून-व्यवस्था की क्या स्थिति थी? नवंबर 2005 में जब हमलोग सरकार में आए तो कानून-व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए कई कदम उठाए गये। वर्ष 2005 में पुलिस बल की संख्या लगभग 42 हजार थी। हमने पुलिस की बहाली की प्रक्रिया को तेज किया और अब पुलिसबल की संख्या 1 लाख 10 हजार हो गई है। नीतीश ने कहा कि वर्ष 2013 में पुलिसबल में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया, जिससे पुलिसबल में महिलाओं की संख्या बढ़ी। आज पुलिसबल में महिलाओं की संख्या लगभग 30 हजार हो गई है। देश के दूसरे राज्यों में पुलिसबल में महिलाओं की संख्या इतनी कहीं नहीं है। यह हम सभी के लिए प्रसन्नता की बात है। महिला थानों में महिला पुलिस पदाधिकारी की नियुक्ति से महिलाओं को शिकायत दर्ज कराने में सहूलियत हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में पुलिसबल की संख्या 02 लाख 29 हजार होनी चाहिए। सीएम ने कहा कि अभी पुलिसबल की संख्या 01 लाख 10 हजार है। इसके तहत 21 हजार पुलिसबल की बहाली प्रक्रिया जारी है और 20 हजार पुलिसबल की बहाली के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होनें पुलिस महानिदेशक को निर्देश देते हुये कहा कि शेष 78 हजार पुलिसबल की बहाली जल्द कराएं। अगले 6 महीने में बचे हुए पदों की बहाली प्रक्रिया पूरी करें। उन्होंने कहा कि हमने पुलिसिंग सिस्टम को ठीक किया है। थाना के कार्यों को दो भागों केसों के अनुसंधान और विधि व्यवस्था को अलग-अलग किया ताकि कार्यों को त्वरित और बेहतर ढंग से निष्पादित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले आपस में लोग झगड़ा करते थे। हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा होता था, अब सब ठीक हो गया है। राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति बहाल की गई। कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाने में पुलिस की बड़ी भूमिका होती है। बिहार पुलिस सभी कार्यों को बेहतर ढंग से और पूरी मेहनत के साथ कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2020 में सात निश्चय-2 के अंतर्गत हमलोगों ने 10 लाख नौकरी और 10 लाख रोजगार देने की बात कही थी। अबतक 24 लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। दस लाख लोगों को और रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। दस लाख नौकरी देने की जो बात कही गई थी उसमें 7 लाख 16 हजार लोगों को नौकरी दी जा चुकी है। हमने लक्ष्य निर्धारित किया है कि अब 10 लाख की जगह 12 लाख नौकरी दी जाएगी। मुख्यमंत्री को कार्यक्रम की शुरूआत से पूर्व पुलिस बल द्वारा सलामी दी गयी। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक आलोक राज ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिह्न एवं पौधा भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस महानिदेशक आलोक राज ने नवनियुक्त पुलिस अवर निरीक्षकों को विभागीय शपथ तथा मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने मद्यनिषेध की शपथ दिलाई।

# उपचुनाव में किसी से गठबंधन नहीं, हम सातों सीटों पर चुनाव लड़ेंगे : डोटासरा

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान कांग्रेस ने उपचुनाव में बिना गठबंधन मैदान में उतरने का फैसला किया है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा है कि उपचुनाव में हम किसी से गठबंधन नहीं कर रहे हैं। हम सातों सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी), सीपीएम और भारत आदिवासी पार्टी के साथ गठबंधन किया था। आरएलपी के लिए नागौर सीट और सीपीएम के लिए सीकर सीट छोड़ी थी। हनुमान बेनीवाल की आरएलपी से अब कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने गठबंधन नहीं करने का मत जाहिर किया है। भारत आदिवासी पार्टी सलूंबर और चौरासी सीट पर पहले से ही उम्मीदवार उतार चुकी है। ऐसे में उससे गठबंधन के रास्ते बंद हो चुके हैं। अब कांग्रेस हाईकमान के स्तर पर ही फैसला बदल सकता है। राजस्थान कांग्रेस में एक नेताओं का वर्ग गठबंधन के खिलाफ है। डोटासरा सहित कई वरिष्ठ नेता अकेले दम पर चुनाव लड़ने के पक्ष में हैं। कांग्रेस वॉर रूम में सोमवार को सातों विधानसभा सीटों पर पैनल तैयार करने और गठबंधन के मुद्दे पर कॉर्डिनेशन कमेटी की बैठक हुई। बैठक के बाद डोटासरा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हमारी सातों सीटों पर तैयारी है। हमने सातों सीटों पर उम्मीदवारों के पैनल तय कर लिए हैं। सातों सीटों पर अलग-अलग उम्मीदवारों के पैनल भेजेंगे, उसकी चर्चा कर ली है। बैठक में डोटासरा, पूर्व सीएम अशोक गहलोत, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, प्रभारी सुखजिंदर रंधावा, पूर्व विधानसभा स्पीकर सीपी जोशी, राष्ट्रीय महासचिव भंवर जितेंद्र सिंह और तीनों सह प्रभारी सचिव भी मौजूद थे। डोटासरा ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी सातों सीटों पर उम्मीदवारों का पैनल तय कर हाईकमान को भेज रही है। अब हाईकमान गठबंधन पर कोई निर्देश दे दे तो उससे हम बंधे हुए हैं, लेकिन हमारा मत सातों सीटों पर लड़ने का है। सातों सीटों पर हमारा पैनल प्रदेश प्रभारी रंधावा हाईकमान के पास लेकर जा रहे हैं। हाईकमान के साथ डिस्कस करेंगे, उसके बाद कभी भी टिकट घोषित हो जाएंगे। हनुमान बेनीवाल से गठबंधन के लिए बातचीत के सवाल पर डोटासरा ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी की तरफ से न तो हम लोगों ने कोई बात की है, न उन लोगों ने कोई बात की है। इसलिए गठबंधन का सवाल कहां पैदा होता है। इंडिया गठबंधन जैसे हनुमान बेनीवाल कहते हैं दिल्ली में है तो वह दिल्ली में है, यहां नहीं है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि गठबंधन के लिए अगर किसी ने संपर्क किया होगा तो दिल्ली में चर्चा करेंगे। लेकिन, राजस्थान कांग्रेस ने सातों सीटों पर पैनल दिया है। राजस्थान कांग्रेस ने अपने बलबूते चुनाव लड़ने का फैसला किया है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, सीपीएम और भारत आदिवासी पार्टी के साथ गठबंधन किया था। आरएलपी के लिए नागौर सीट और सीपीएम के लिए सीकर सीट छोड़ी थी। हनुमान बेनीवाल की आरएलपी से अब कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने गठबंधन नहीं करने का मत जाहिर किया है। भारत आदिवासी पार्टी सलूंबर और चौरासी सीट पर पहले से ही उम्मीदवार उतार चुकी है। ऐसे में उससे गठबंधन के रास्ते बंद हो चुके हैं।

# डीएपी किल्लत से खफा किसान डीसी से मिले, एक सप्ताह का दिया अल्टीमेटम

**फतेहाबाद ( हिंस )।** डीएपी खाद न मिलने से किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रबी फसलों की बिजाई की तैयारी में लगे किसानों को समय पर डीएपी न मिलने से किसानों में काफी नाराजगी है। इस मामले को लेकर गांव जांडली कलां के दर्जनों किसान सोमवार को रमेश जाण्डली के नेतृत्व में उपायुक्त मनदीप कौर से मिले और उन्हें मांग पत्र सौंपकर डीएपी खाद पर्याप्त मात्रा में जल्द उपलब्ध करवाने की मांग की। किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त डीडीओ को मौके पर बुलाकर उन्हें डीएपी खाद को लेकर तुरंत आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। डीसी ने किसानों को आश्वासन दिया कि जल्द ही डीएपी खाद मुहैया करवा दी जाएगी। किसानों ने अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि एक सप्ताह में डीएपी खाद की कमी को दूर नहीं किया गया तो किसान आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। किसानों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे रमेश जांडली, सरपंच प्रतिनिधि विजय कमांडो, किसान सभा जांडली यूनिट के प्रधान कप्तान कोहाड़, महेन्द्र जागलान, सुखबीर जागलान, सुभाष भैरो, विक्रम सिंह आदि किसानों ने कहा कि गांव के किसानों को इन दिनों डीएपी खाद के भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है। खाद को लेकर किसान पैक्स के चक्कर काट-काटकर थक चुके हैं लेकिन उन्हें डीएपी खाद नहीं मिल पा रही। रमेश जांडली ने कहा कि इस समस्या को लेकर किसानों ने 10 सितम्बर को गोरखपुर पैक्स के प्रबंधक को भी लिखित में शिकायत दी थी लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। इसके बाद भी किसान दर्जनों बार मौखिक तौर पर डीएपी खाद की किल्लत को लेकर अधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं लेकिन कोई भी अधिकारी किसानों की समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहा है। रमेश जांडली ने कहा कि गेहूं और सरसों की बिजाई का समय नजदीक है और किसान रबी फसलों की बिजाई की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में समय पर डीएपी न मिलने से उनके साथ संकट खड़ा हो गया है। जाण्डली के किसानों को गोरखपुर पैक्स से अभी तक एक भी बैग डीएपी खाद नहीं मिली है।

# लॉरेंस बिश्नोई के खिलाफ जांच में पड़ोसी राज्यों को सहयोग करेगी हरियाणा पुलिस : डीजीपी

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने कहा है कि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के खिलाफ चल रहे हत्या व अन्य आपराधिक मामलों में हरियाणा पुलिस पड़ोसी राज्यों की पुलिस को पूरी तरह से सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि चाहे मुंबई का बाबा सिद्दीकी मर्डर केस हो या कोई और हत्या का मामला हो, वहां की पुलिस मामले की जांच कर रही है। हरियाणा पुलिस का इसमें पूरी तरह से सहयोग किया जाएगा। अपराधी किसी एक शहर का नहीं होता। अपराध को रोकने और अपराधी के विरुद्ध कार्रवाई के लिए सभी को एकजुट होना जरूरी है। कपूर ने सोमवार को पंचकूला पुलिस लाइन में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर *पुलिस शहीद स्मारक* पर पुष्प चक्र अर्पित कर भारतीय पुलिस बल के देशभर के 214 अमर शहीदों के बलिदानों को याद करके उन्हें श्रद्धांजलि दी। इससे पहले पुलिस महानिदेशक ने देश के पुलिस सेवा के सभी

## पुलिस शहीद दिवस पर डीजीपी ने बलिदानियों को दी श्रद्धांजलि

बलिदानियों को याद करते हुए कहा कि आज हम भारतीय पुलिस सेवा के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्रित हुए हैं जिन्होंने देश की कानून-व्यवस्था को कायम रखने, देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने तथा नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य के गठन से लेकर अब तक 83 पुलिसकर्मियों ने राज्य और इसके नागरिकों की सेवा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया है। कपूर ने आगे कहा कि हरियाणा पुलिस को सशक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। प्रदेश के सभी पुलिस थानों व चौकियों में आवश्यकता अनुरूप अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस तकनीकी उपकरण उपलब्ध करवाए गए हैं तथा सभी पुलिस थानों व पुलिस चौकियों को सीसीटीवी कैमरों से जोड़ा गया है। इसी प्रकार, शहीदों के परिजनों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि को पहले से कई गुना बढ़ाया गया है। इतना ही नही, शहीद पुलिसकर्मियों के बच्चों को सरकारी नौकरी तथा आश्रित महिलाओं को मासिक वित्तीय सहायता भी दी जाती है। कपूर ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा 22 पुलिस पब्लिक स्कूलों की स्थापना की गई है। इनमें पुलिस कर्मचारियों के बच्चों को पढ़ाई के खर्च में 50 प्रतिशत छूट प्रदान की जाती है। इन स्कूलों में वर्ष 2022-23 से मृतक पुलिस कर्मचारियों तथा मृतक एसपीओ के बच्चों को भी निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने बताया कि हरियाणा पुलिस द्वारा सेवानिवृत पुलिसकर्मी तथा चतुर्थ श्रेणी के पुलिसकर्मियों के बेरोजगार बच्चों को रोजगार दिलवाने के लिए उनमें कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ऐसे युवाओं को उनकी शैक्षणिक योग्यता अनुसार प्रशिक्षित करते हुए नौकरियां दिलवाई जा रही हैं। इसके लिए विभिन्न संस्थाओं से तालमेल स्थापित करते हुए काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांस्टेबल तथा हैड कांस्टेबल के वर्दी भत्ते को 3000 हजार रुपए से बढ़ाकर 7500 रुपए वार्षिक किया गया है तथा एएसआई, एसआई, इंस्पेक्टर, डीएसपी का वर्दी भत्ता 4000 रुपए से बढ़ाकर 10 हजार रुपए प्रतिवर्ष किया गया है। इतना ही नहीं, कांस्टेबल और हैडकांस्टेबल को 200 रुपए, एएसआई को 250, एसआई को 300 तथा इंस्पेक्टर को 400 रुपए प्रतिमाह का मोबाइल अलाउंस दिया जाता है। इस अवसर पर राज्य अपराध शाखा की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ममता सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अमिताभ ढिल्लों, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (लॉ एंड ऑर्डर) संजय कुमार, पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस आयुक्त पंचकूला सिबास कविराज, पुलिस महानिरीक्षक हरदीप दून तथा राकेश आर्य सहित कई अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट का आदेश- कोरोना काल में दर्ज 1112 एफआईआर होंगी रद्द

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने कोरोना काल के दौरान दर्ज की गई 1112 एफआईआर को रद्द करने के आदेश जारी कर दिए। हाईकोर्ट ने सोमवार को माननीयों पर लंबित आपराधिक मामलों का जल्द निपटारा करने के लिए हाईकोर्ट की ओर से लिए गए संज्ञान के मामले में यह आदेश जारी किया गया है। हाई कोर्ट की तरफ से हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ से यह जानकारी मांगी गई थी कि उनके क्षेत्र में माननीयों पर कितने आपराधिक मामले लंबित हैं। आंकड़े देखने के बाद कोर्ट ने पाया कि कई नेताओं पर कोरोना नियमों के उल्लंघन के चलते धारा 188 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। ऐसे हजारों केस आज भी अदालतों में चल रहे हैं। इनमें कई राजनेता भी शामिल थे। हाई कोर्ट ने कहा था कि महामारी का वो समय अब गुजर चुका है और ये हजारों केस अब भी अदालतों में पेंडिंग हैं। इससे अदालतों में कामकाज प्रभावित हो रहा है, ऐसे में ऐसे सभी केसों का एक साथ निपटारा किए जाने के लिए हाई कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए इन सभी केसों के ट्रायल पर रोक लगा दी थी। हाई कोर्ट ने कहा था कि कोरोना महामारी के दौरान तब ऐसे हालात थे कि लोगों को बचाने के लिए नियमों को सख्ती से लागू किया गया था। लोग बड़े पैमाने पर आदेशों का पालन कर रहे थे लेकिन ऐसी आकस्मिक स्थितियां हो सकती थी, जिसने उन्हें भोजन, दवा आदि की आवश्यकता पूरी करने के लिए आदेशों का उल्लंघन करते हुए अपने घरों से बाहर निकलने के लिए मजबूर होना पड़ा होगा। अब हाई कोर्ट ने पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में 15 मार्च, 2020 से 28 मार्च, 2022 के बीच दर्ज ऐसी 1112 एफआईआर रद्द करने का आदेश दे दिया है।

# दीपावली पूर्व बोनस भुगतान की मांग को लेकर प्रदर्शन



**जोधपुर ( हिंस )।** विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों, सरकारी एवं गैर सरकारी अस्पतालों, अल्ट्राटेक सीमेन्ट लिमिटेड (बिड़ला व्हाइट) खारिया खंगार, मेकशॉट ब्लास्टिंग इक्यूपमेन्ट प्राइवेट लिमिटेड तथा सरकारी विभागों में ठेकेदारों के अधीन कार्यरत असंगठित श्रमिकों को बोनस अधिनियम 1965 तथा संशोधित नियम 2007 के तहत बोनस भुगतान करने सहित अन्य मांगों को लेकर राजस्थान टेऊड यूनियन केंद्र (आरसीटू) ने संभागीय संयुक्त श्रम आयुक्त को श्रम आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व श्रमिक श्रम विभाग एकत्रित हुए तथा अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। गोपीकिशन के नेतृत्व में श्रमिक प्रतिनिधियों ने ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में गोपीकिशन, बृजकिशोर, नदीम खान, दिलीप सिंह, राजाराम खारिया, वहीदुदीन, अशोक कुमार, हबीबुर्रहमान, रमेशनाथ, शरे सिंह, राजेन्द्र सिंह, सहित अनेक श्रमिक प्रतिनिधि शामिल थे। श्रमिक प्रतिनिधियों ने सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र में कार्यरत असंगठित श्रमिकों के दोहरे शोषण पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके लिए राज्य सरकार की सरमाएदारों की पक्षधर नीति को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि औद्योगिक संस्थानों में बोनस अधिनियम 1965 के प्रावधानों का खुलकर उल्लंघन हो रहा है। श्रमिकों को उनके सर्विस की गारन्टी वेतन पर्ची नहीं मिलती और इसी की आड़ लेकर औद्योगिक संस्थानों के मालिक असंगठित श्रमिको को बोनस भुगतान नहीं करते। उन्होंने श्रम विभाग पर कर्त्तव्य विमुख होने का आरोप लगाया और कहा कि श्रम निरीक्षक औद्योगिक संस्थानों का भौतिक निरीक्षण नहीं करते, जिस वजह से संस्थान में कार्यरत श्रमिक श्रम कानूनों के लाभ से वंचित है। इसके ऊपर वर्तमान में श्रमिक संबंधी विवादों का निस्तारण नहीं हो पा रहा। उन्होंने सरकारी गैर सरकारी अस्पतालों के ठेका श्रमिकों को बोनस भुगतान सुनिश्चित करवाने तथा भवन निर्माण श्रमिकों को दीपावली पूर्व श्रम कल्याण मंडल द्वारा न्यूनतम बोनस भुगतान का लाभ दिये जाने की भी मांग की। क्षेत्रीय संयुक्त श्रम आयुक्त की गैर मौजूदगी में विभाग के अन्य श्रम अधिकारी ने प्रतिनिधि मंडल से श्रम आयुक्त के नाम ज्ञापन लिया और उन्हें उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

# राजस्थान हाईकोर्ट : अनुभव प्रमाण पत्र को आधार बनाकर खारिज नहीं करें आवेदन

**जोधपुर ( हिंस )।** राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के न्यायाधीश विनीत कुमार माथुर ने आदेश पारित कर हनुमानगढ़ के संविदा नर्सिंगकर्मी पवन कुमार शर्मा को अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर नियमित सीधी भर्ती नर्सिंग ऑफिसर के लिए विचार करने के आदेश पारित किए। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी हनुमानगढ़ ने शहीद भगत सिंह प्लेसमेंट एजेंसी से अगस्त 2016 में एक पत्र लिखकर चिकित्सा विभाग में ईसीजी कार्य करने वाले और नर्सिंग कर्मी के लिए योग्य व्यक्तियों के नाम मांगे। प्लेसमेंट एजेंसी ने 12 अगस्त 2016 को पवन कुमार शर्मा नर्सिंग कर्मचारी का नाम प्रस्तावित कर दिया। 16 अगस्त 2016 को पवन कुमार को संविदा पर नर्सिंग कर्मी के पद पर जॉइनिंग दी गई। तब से वह निरंतर चिकित्सा विभाग में कार्य रख रहा है। 5 मई 2023 को नर्सिंग ऑफिसर भर्ती, 2023 के लिए राज्य सरकार ने विज्ञप्ति जारी की, जिसमें पूर्व में पद स्थापित संविदा नर्सिंग कर्मियों को बोनस अंक का प्रावधान किया गया। प्रार्थी पवन कुमार शर्मा को 2016 से कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र प्रमुख चिकित्सा अधिकारी हनुमानगढ़ ने जारी किया। उसी आधार पर प्रार्थी का नाम नर्सिंग ऑफिसर पद पर नियुक्ति हेतु प्रक्रियाधीन था, परंतु निदेशक राजस्थान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान जयपुर ने प्रार्थी की संविदा नियुक्ति पर सवाल उठाते हुए अनुभव प्रमाण पत्र का पुनः सत्यापन करवाया। इसमें भी प्रमुख चिकित्सा अधिकारी हनुमानगढ़ ने प्रार्थी को नर्सिंग कर्मी का अनुभव प्रमाण पत्र जारी किया। परंतु निदेशक कार्यालय ने उसकी नियुक्ति संबंधी पत्रावली को विचाराधीन रख लिया और कोई निर्णय नहीं किया। इस पर प्रार्थी पवन कुमार शर्मा ने राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर में एडवोकेट एसडी गोस्वामी के माध्यम से याचिका दायर कर निवेदन किया कि प्रार्थी प्रमुख चिकित्सा अधिकारी हनुमानगढ़ द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर नियुक्ति के लिए पात्र माना जावे।

# हर व्यक्ति की समस्या का किया जाऐगा निदान : केशव प्रसाद मौर्य



**लखनऊ ( हिंस )।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने कैंप कार्यालय 7- कालिदास मार्ग पर आयोजित जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जाऐगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाए और समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित की जवाबदेही तय होनी चाहिए। निर्देश दिया कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाए और जहां जरूरत हो? कठोर कार्यवाही की जाए। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गंभीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाए कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहे और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़े। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनों, बुजुर्गों आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत गोरखपुर के जिलाधिकारी, फिरोजाबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बस्ती के पुलिस अधीक्षक व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता करते हुए यथोचित दिशा निर्देश दिए।

## दीपावली और छठ पूजा को लेकर अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक

**अररिया ( हिंस )।** फारबिसगंज अनुमंडल कार्यालय के सभागार में सोमवार को एसडीएम शैलजा पांडे की अध्यक्षता में दीपावली, काली पूजा और छठ को लेकर अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। जिसमे एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा, डीसीएलआर अंकिता कुमारी, अनुमंडल निर्वाची पदाधिकारी अविनाश कृष्ण समेत अनुमंडल क्षेत्र के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में दीपावली, काली पूजा और छठ को लेके विधि व्यवस्था संधारण के साथ साफ सफाई, छठ घाट का निर्माण, घाट पर रोशनी आदि की व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। पूजा के मद्देनजर सार्वजनिक स्थानों पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस अधिकारियों और बलों की तैनाती रहने के साथ उपद्रवी तत्वों से निबटने और सोशल मीडिया पर विशेष नजर बनाने को लेकर विशेष मंथन किया गया।

# अररिया सहित सीमांचल में रोहिंग्या-बांग्लादेशी भरे पड़े, भारत को बना रखा है धर्मशाला : गिरीराज सिंह

**अररिया ( हिंस )।** केंद्रीय मंत्री गिरीराज सिंह आज हिंदू स्वाभिमान यात्रा के क्रम में अररिया पहुंचे। यहां उन्होंने अपनी यात्रा के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अररिया सीमांचल ही नहीं देश में रोहिंग्या और बांग्लादेशी भरे पड़े हैं। इन लोगों ने भारत को धर्मशाला बनाकर रख दिया गया है, जो कतई नहीं होगा। रोहिंग्या और बांग्लादेशियों की संख्या के कारण हालात ऐसे हो गए हैं कि सीमांचल के कई ब्लॉक में हिंदुओं की संख्या सिमट कर रह गई है। डर से हिंदू बहु बेटी सिंदूर नहीं करतीऔर हिंदू मर्द ने अपने और परिवार के अस्मत के रक्षा को लेकर वेशभूषा बदलने को विवश है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल, यह कब तक। गिरिराज सिंह ने कहा कि अररिया के हालात तो एनआरसी लागू किए जाने वाली है। अभी नहीं चेतोगे तो अररिया दूसरा कश्मीर होगा। नेपाल बॉर्डर के नोमेंस लैंड पर बांग्लादेशी घुसपैठियों ने कब्जा कर रखा है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश और कश्मीर को पूरी दुनिया ने देखा। आज तक हमलोगों ने ताजिया पर एक पत्थर नहीं फेंका, लेकिन धर्म के रक्षा के लिए हिंसा और हिंसक होना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि 1951 से अबतक हिंदुओं की जनसंख्या तेजी से घटी है। किशनगंज के बाद अररिया दूसरा जिला जहां हिंदुओं




का प्रतिशत घटा है। उन्होंने मंच से बांग्लादेशी को जमीन नहीं देने की कसम खिलवाया। उन्होंने कहा कि स्वाभिमान यात्रा से बहुत लोगों के पेट में दर्द हो रहा है। ओवेशी मुसलमानों के एकजुटता की बात करते हैं तो वह सेक्युलरिज्म और हम हिंदुओं की एकजुटता की बात करे तो दंगाई। सवाल खड़ा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने ओबेसी से सांप्रदायिक तनाव नहीं होता है और मेरे कार्यक्रम को लेकर प्रशासन की ओर से हिंदुओं की गली होकर प्रोग्राम बनाया गया, ऐसा क्यों। उन्होंने ललकारते हुए कहा कि यह धरती किसी के बाप की नहीं है। सभा को दीपांकरजी महाराज, सांसद प्रदीप कुमार सिंह आदि ने भी संबोधित किया। इससे पहले केंद्रीय मंत्री गिरीराज सिंह खड़ेश्वरी काली मंदिर में पूजा अर्चना किया। जिसके बाद परिसर में ही हवन कार्यक्रम में भाग लेकर जुलूस की शक्ल में बस स्टैंड स्थित सभा स्थल पहुंचे। इस दौरान उनके साथ हजारों लोग काली मंदिर से सभा स्थल तक पैदल पहुंचे। केंद्रीय मंत्री गिरीराज सिंह, दीपांकरजी महाराज और स्थानीय सांसद प्रदीप कुमार सिंह के साथ हिंदू स्वाभिमान रथ पर सवार थे।



# चार दिन की तेजी के बाद सोने में मामूली गिरावट, चांदी की बढ़ी चमक

**नई दिल्ली।**

घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार चार दिन की तेजी के बाद सोने की कीमत में मामूली गिरावट नजर आ रही है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में मामूली तेजी दर्ज की गई है। सोने की कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 79,560 रुपये से लेकर 79,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 72,920 रुपये से लेकर 72,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने के विपरीत चांदी के भाव में तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु 99,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 79,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 72,920 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 79,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 79,460 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 79,410 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 72,790 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 79,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 79,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 72,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 79,460 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 79,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### उड़ान के तहत 601 मार्ग, 71 हवाई अड्डे शुरू हुए: नागर विमानन मंत्रालय, 1.44 करोड़ से अधिक यात्रियों को लाभ हुआ



**नई दिल्ली ।** नागर विमानन मंत्रालय ने कहा कि आठ साल पहले शुरू की गई क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना उड़ान के तहत 601 मार्ग और 71 हवाई अड्डे चालू हो गए हैं। उड़ान का उद्देश्य क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बढ़ाना और हवाई यात्रा को अधिक किफायती बनाना है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हेलीकॉप्टर मार्गों सहित 601 मार्गों को चालू कर दिया गया है और इनमें से लगभग 28 प्रतिशत मार्ग सबसे दूरदराज के स्थानों के लिए सेवा देते हैं। बयान के मुताबिक कुल 86 एयरोड्रोम - जिसमें 71 हवाई अड्डे, 13 हेलीपोर्ट और दो जल एयरोड्रोम शामिल हैं - चालू हो गए हैं। इससे 2.8 लाख से अधिक उड़ानों के जरिये 1.44 करोड़ से अधिक यात्रियों को लाभ हुआ। इस बीच देश में चालू हवाई अड्डों की संख्या 2014 में 74 से दोगुनी होकर 2024 में 157 हो गई है। सरकार का लक्ष्य 2047 तक इनकी संख्या को बढ़ाकर 350-400 तक करना है।

### रेलवे के हर साल गुटखे के दाग साफ करने पर होते हैं 1200 करोड़ खर्च, अब स्टेशन परिसर में लगेंगे कियोस्क, जिसमें थूकने के लिए स्पिटून पाउच उपलब्ध होंगे



**नई दिल्ली ।** स्वच्छ भारत अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के बावजूद कुछ लोगों में सार्वजनिक स्थानों पर थूकने की आदत में बदलाव लाना कठिन साबित हो रहा है। लोग शायद यह नहीं समझते कि इससे कितना नुकसान होता है। एक अनुमान के मुताबिक भारतीय रेलवे हर साल पान-गुटखा के दाग साफ करने के लिए करीब 12,000 करोड़ रुपए खर्च करता है। अब रेलवे इससे निपटने के लिए नया प्लान लेकर आई है, जिससे खर्च में कमी आएगी। हालांकि, रेलवे इस समस्या से निपटने के लिए एक नया समाधान लेकर आया है। योजना के तहत स्टेशन परिसर में स्पिटर कियोस्क लगाए जाएंगे, जिन्हें आम जनता उपयोग कर सकेगी। रेलवे देश भर के 42 स्टेशनों में ऐसे कियोस्क लगाने जा रहा है। इन कियोस्क में थूकने के लिए स्पिटून पाउच उपलब्ध होंगे, जिनकी कीमत 5 से 10 रुपए के बीच होगी। रेलवे को उम्मीद है कि लोग इन स्पिटून का उपयोग करेंगे, जिससे दाग साफ करने के खर्च में कमी आएगी।

### दिवाली से पहले पेट्रोल-डीजल के बढ़े भाव, नए भाव के अनुसार महाराष्ट्र में पेट्रोल 46 और डीजल 37 पैसे महंगा हुआ




**नई दिल्ली ।** हाल ही में सामने आए रिपोर्ट में दावा किया गया था कि आगामी दिनों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में गिरावट आ सकती है। इस रिपोर्ट के बाद जनता की उम्मीद और बढ़ गई है। वहीं पेट्रोलियम कंपनियों की ओर से 21 अक्टूबर 2024 को ईंधन का नया भाव जारी कर दिया गया है। पेट्रोल कंपनियों की ओर से जारी किए गए भाव के अनुसार सरकार ने महाराष्ट्र चुनाव से पहले आम जनता को एक बार फिर झटका दिया है। नए भाव के अनुसार महाराष्ट्र में पेट्रोल 46 और डीजल 37 पैसे महंगा हो गया है। महंगा होने के बाद अब यहां एक लीटर पेट्रोल के लिए 104.83 और डीजल के लिए 93.5 रुपए देना होगा। वहीं दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपए और डीजल की कीमत 87.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल की कीमत 103.44 रुपए और डीजल की कीमत 89.97 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 104.95 रुपए और डीजल की कीमत 91.76 रुपए प्रति लीटर और चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.75 रुपए और डीजल की कीमत 92.34 रुपए प्रति लीटर है।

भारत समेत एशियाई शेयर बाजारों में इस सप्ताह तेज रहेगी हलचल

# ढाई साल बाद सबसे बड़े वॉल्यूम में शेयरों की लिस्टिंग होगी

**20 कंपनियों के 8.32 अरब डॉलर से अधिक के शेयरों की इस सप्ताह होगी लिस्टिंग**




**नई दिल्ली।**

भारतीय स्टॉक मार्केट समेत पूरे एशियाई शेयर बाजारों के लिए ये सप्ताह काफी व्यस्त सप्ताह होने वाला है। इस सप्ताह एशिया के शेयर बाजारों में 20 से ज्यादा कंपनियों के शेयर लिस्ट होने वाले हैं। इन सभी कंपनियों के आईपीओ के जरिए शेयर बाजार में 8.32 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया गया है। एशिया के शेयर बाजार में लगभग ढाई साल बाद इतने बड़े वीकली वॉल्यूम में शेयरों की लिस्टिंग होने वाली है। इसके पहले अप्रैल 2022 के तीसरे सप्ताह में एशियाई बाजारों में इतने अधिक वॉल्यूम में लिस्टिंग हुई थी।

एशियाई बाजारों में भारतीय शेयर बाजार का प्रमुख स्थान है। इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड समेत 3 कंपनियों के शेयर स्टॉक मार्केट में लिस्ट होने वाले हैं। इन तीनों में हुंडई मोटर इंडिया का आईपीओ भारतीय शेयर बाजार के इतिहास का अभी तक का सबसे बड़ा आईपीओ है। 27,870.16 करोड़ रुपये का ये आईपीओ 22 अक्टूबर को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होगा। देश का सबसे बड़ा आईपीओ होने के बावजूद इसे रिटेल इन्वेस्टर्स और नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) की ओर से काफी ठंडा रिस्पॉन्स मिला था। हालांकि सब्सक्रिप्शन के आखिरी दिन क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) द्वारा जम कर बोली लगाने के कारण ये आईपीओ दोगुना से अधिक सब्सक्राइब हुआ था।

भारतीय बाजार के अलावा जापान की टोक्यो मेट्रो कंपनी के आईपीओ की 23 अक्टूबर को लिस्टिंग होने वाली है। इस आईपीओ के तहत जारी टोक्यो मेट्रो कंपनी ने 2.3 अरब डॉलर जुटाए हैं। जापान में 2018 के बाद ये अभी तक का सबसे बड़ा आईपीओ है। इसी तरह जापान की कंपनी रिंगाकू होल्डिंग कॉर्प के शेयर 25 अक्टूबर को लिस्ट होंगे। जापान की इस एक्स-रे टेक्नोलॉजी कंपनी के आईपीओ का साइज 75 करोड़ डॉलर का है। जापानी बाजार में उथल-पुथल होने के बावजूद इन दोनों कंपनियों को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। भारत और जापान के अलावा चीन में भी इस सप्ताह लिस्टिंग से हलचल बनी रहने वाली है। चीन में बोतल बंद पानी का कारोबार करने वाली चाइना रिसोर्सेस बेवरेज होल्डिंग कंपनी के शेयर 23 अक्टूबर को लिस्ट होने वाले हैं। इसी तरह ऑटोनॉमस ड्राइविंग टेक्नोलॉजी फर्म होराइजन रोबोटिक्स इंक के शेयर 24 अक्टूबर को लिस्ट होंगे। इन दोनों कंपनियों के आईपीओ का कुल साइज 1.34 अरब डॉलर से अधिक है।

जानकारों का कहना है कि इस सप्ताह एशियाई बाजारों में विशेष रूप से भारत, जापान और चीन की कंपनियां हलचल मचाने वाली है इन कंपनियों के आईपीओ को मिला ओवरऑल रिस्पॉन्स पूरे एशिया प्रशांत क्षेत्र में प्राइमरी मार्केट के रिवाइवल को दर्शाता है। एशियाई बाजार में लिस्ट होने वाली कंपनियों के शेयरों के प्रदर्शन पर बैंकर्स की भी नजर टिकी रहने वाली है, क्योंकि उनके प्रदर्शन से भविष्य में आने वाले आईपीओ की सस्टेनेबिलिटी को लेकर अनुमान लगाया जा सकेगा। इस सप्ताह के बाद भी एशियाई बाजारों में कई इक्विटी ऑफर्स आने की बात कही जा रही है। कई बड़ी कंपनियां अमेरिका में 5 नवंबर को होने वाले चुनाव के पहले अपने डील को क्लोज करना चाहती हैं। इसलिए अगले सप्ताह में भी एशियाई शेयर बाजारों की हलचल तेज रहने की उम्मीद है।

सियांग घाटी में विशालकाय बांध बना रहा भारत, काम तेजी से शुरू

# बांध की क्षमता 10-12 गीगावॉट (जीडब्ल्यू) पनबिजली की होगी



**नई दिल्ली।**

अरुणाचल प्रदेश से लगा हुए चीन के इलाके में चीन की बड़ी जल परियोजना को देखते हुए केंद्र ने ऊपरी सियांग घाटी में विशालकाय बांध बनाने के काम को तेजी से शुरू कर दिया है। यह देश का सबसे बड़ा बांध होगा। वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल में सियांग ऊपरी घाटी बांध की शुरुआती परियोजना प्रबंधन के उद्देश्य से वित्तीय मदद देने की घोषणा की थी। इस प्रस्तावित परियोजना के तीन एजेंडे हैं - बाढ़ प्रबंधन, जल प्रवाह को दुरुस्त करना और बिजली पैदा करना। सरकार की पनबिजली की प्रमुख कंपनी एनएचपीसी को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) और परियोजना व्यवहार्यता रिपोर्ट (एफपीआर) विकसित करने की जिम्मेदारी दी गई है। अधिकारियों के अनुसार इस बांध की क्षमता 10-12 गीगावॉट (जीडब्ल्यू) पनबिजली की होगी और यह भारत का सबसे बड़ी पनबिजली परियोजना होगी। इस परियोजना की लागत 1 लाख करोड़ रुपये होगी। एनएचपीसी के अधिकारियों ने बताया कि इस बारे में विभिन्न सरकारी मंत्रालयों जैसे ऊर्जा, जल शक्ति और अरुणाचल प्रदेश से विचार-विमर्श हुआ था। हाल में केंद्र के राशि जारी करने से इस परियोजना को गति मिली है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस साल अगस्त में पूर्वोत्तर के राज्यों में 15 जीडब्ल्यू की पनबिजली परियोजना के लिए 4,136 करोड़ रुपये मंजूर किए थे। मंत्रिमंडल ने बीते महीने आगामी जल परियोजनाओं के लिए 'सक्षम बुनियादी ढांचा' और पंप्ड स्टोरेज परियोजना (पीएसपी) के लिए 12,461 करोड़ रुपये मंजूर किए थे। अधिकारियों ने संकेत दिया कि इन दो निगमों से कोष सियांग घाटी परियोजना के पीएफआर के लिए इस्तेमाल किए जाएंगे और स्थानीय लोगों को जागरूक किया जाएगा। एनएचपीसी के प्रवक्ता को ईमेल प्रश्नावली भेजी गई थी लेकिन खबर लिखे जाने तक उसका जवाब नहीं मिला था।

# वित्तमंत्री सीतारमण मैक्सिको की यात्रा समाप्त करने के बाद अमेरिका पहुंचीं

**नई दिल्ली।**

**केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण मैक्सिको की यात्रा समाप्त करने के बाद अमेरिका पहुंचीं। सीतारमण का नेवार्क लिबर्टी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर रविवार देरशाम भारतीय राजदूत और महावाणिज्य दूत ने गर्मजोशी से स्वागत किया।**



वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में कहा कि केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का मेक्सिको सिटी से अमेरिका पहुंचने पर संयुक्त राज्य अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा और न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत बिनया श्रीकांत प्रधान ने का स्वागत किया। इससे पहले निर्मला सीतारमण 17 से 20 अक्टूबर तक मैक्सिको में थीं, जहां उन्होंने ग्वाडलजारा और मैक्सिको सिटी दोनों में विभिन्न क्षेत्रों के राजनीतिक और व्यापारिक नेताओं के साथ बातचीत की। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण 26 अक्टूबर तक अमेरिका की आधिकारिक दौरे पर हैं। अपनी इस यात्रा के दौरान वह जी-20 वित्त मंत्रियों, केंद्रीय बैंक के गवर्नरों, पर्यावरण मंत्रियों और विदेश मंत्रियों की संयुक्त बैठकों में भाग लेंगी।

# अगस्त में नई औपचारिक नियुक्तियां चार महीने के निचले स्तर पर

**अगस्त में नए मासिक सब्सक्राइबर्स करीब 11 फीसदी घटकर 9.30 लाख रह गए**



**नई दिल्ली ।**

अगस्त महीने में फॉर्मल हायरिंग में गिरावट दर्ज की गई है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की तरफ से जारी ताजा पेरोल डेटा के मुताबिक फॉर्मल लेबर मार्केट में मंदी के संकेत मिले हैं। अगस्त में नए मासिक सब्सक्राइबर्स (नए सदस्य) की संख्या करीब 11 फीसदी घटकर 9.30 लाख रह गई, जो जुलाई में 10.5 लाख थी। यह संख्या चार महीनों के निचले स्तर पर है। ईपीएफओ डेटा को अहम माना जाता है क्योंकि केवल फॉर्मल वर्कफोर्स को सामाजिक सुरक्षा लाभ मिलते हैं और वे श्रम कानूनों द्वारा संरक्षित होते हैं। अगस्त में 9.30 लाख नए ईपीएफ सब्सक्राइबर्स में 18-25 आयु वर्ग के युवाओं की हिस्सेदारी मामूली रूप से घटकर 59.26 फीसदी (5.51 लाख) हो गई, जो जुलाई में 59.4 फीसदी (6.25 लाख) थी। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि इस आयु वर्ग के सब्सक्राइबर्स आमतौर पर पहली बार लेबर मार्केट में प्रवेश करते हैं, जो बाजार की स्थिति का संकेत देते हैं। इसके अलावा, नई महिला सब्सक्राइबर्स की हिस्सेदारी भी घटकर 27.2 फीसदी (2.53 लाख) हो गई, जो पिछले महीने 29 फीसदी (3.05 लाख) थी। यह कार्यबल में महिला भागीदारी की गिरावट को दर्शाता है। वहीं अगस्त में नेट पेरोल ऐडिशन 18.5 लाख रही। हालांकि ये नेट पेरोल आंकड़े प्रारंभिक होते हैं और अगले महीने में आमतौर पर संशोधित किए जाते हैं, इसलिए नए ईपीएफ सब्सक्राइबर्स की संख्या को अधिक विश्वसनीय माना जाता है।

# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

**नई दिल्ली।**

**ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती का नया रिकॉर्ड बनाकर बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स मामूली गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। एशियाई बाजारों में भी मिला-जुला कारोबार हो रहा है।**



अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद होने में सफल रहे। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.40 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,864.67 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 115.94 अंक यानी 0.63 प्रतिशत की छलांग लगा कर 18,489.55 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स 0.03 प्रतिशत की सांकेतिक कमजोरी के साथ 43,263.26 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,358.25 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स ने 0.39 प्रतिशत उछल कर 7,613.05 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.38 प्रतिशत की मजबूती के साथ 19,657.37 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में भी मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 5 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 4 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। गिफ्ट निफ्टी 111 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,780 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स भी 0.45 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,623.76 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा हैंग सेंग इंडेक्स 114.72 अंक यानी 0.55 प्रतिशत टूट कर 20,689.39 अंक के स्तर पर और सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.41 प्रतिशत लुढ़क कर 1,483.66 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

दूसरी ओर, निक्केई इंडेक्स 103.82 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 39,085.57 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 112.91 अंक यानी 0.48 प्रतिशत उछल कर 23,600.18 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा कोस्पी इंडेक्स 0.82 प्रतिशत की मजबूती के साथ 2,615.21 अंक के स्तर पर, शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.81 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,288.32 अंक के स्तर पर और जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.22 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,776.77 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

GOVERNMENT OF ASSAM

## Administrative Reforms, Training, Pension & Public Grievances Department

Make pension disbursement hassle-free with

# JEEVAN PRAMAAN

**Digital Life Certificate for Pensioners**

## Pensioners are no longer required to be physically present before the Pension Disbursing Authority (Banks).

**Retirees can now submit their Life Certificate through digital mode using smartphone or through biometric device using the Jeevan Pramaan Application.**

### Modes of Providing Digital Life Certificate:

**Jeevan Pramaan Mobile App:**

It can be downloaded from Google Play Store for Android devices.

- *Download the AadhaarFaceRD Mobile App*
- *Download the Jeevan Pramaan Mobile App*

The detailed step-by-step guide is available at:
https://jeevanpramaan.gov.in/apppackage/appdownload

Scan QR to download AadhaarFaceRD App | Scan QR to download Jeevan Pramaan App | Scan QR to download Step-by-Step Guide




Alternatively, pensioners can also visit Pension Sewa Kendras under the administrative control of School Education Department to upload and obtain Digital Life Certificates using Biometric Devices available at these centres.



- Pensioners can also contact their nearest post offices for obtaining doorstep DLC services facilitated by India Post Payments Bank.
- Elderly pensioners can also avail doorstep banking services of the disbursal banks.

### Pre-requisites:

- An Aadhaar number.
- An existing mobile number linked with Aadhaar.

**Download the PC/Mobile/Tablet Application to register for a Life Certificate**

| PC | Mobile | Office |
|---|---|---|
| Windows 7 (or above) OS 32 & 64 bit | Android 4.0 and above | Central & State Government Offices |

GET IT ON Google Play

**For any queries contact:**
**Nodal Officer - Jeevan Pramaan, Assam**
**Under Secretary to the Govt of Assam,**
**ARTPPG Department**
**Contact: +91 98540 14610**

### STEPS

1. Link your Aadhaar with your Pension account in the Pension Disbursing Bank.
2. Download and install the **AadhaarFaceRD** Mobile App from Google Play Store on your Android smartphone.
3. Download and install the **Jeevan Pramaan** Mobile App from Google Play Store on your Android smartphone.
4. Once installed, open the **Jeevan Pramaan** mobile app and perform *Operator Authentication* by submitting required details.
5. After completion of Operator Authentication, perform *Pensioner Authentication* and submit to obtain your Digital Life Certificate.

**Kritagyata** https://kritagyata.assam.gov.in

In Collaboration with NIC एनआईसी National Informatics Centre

Digital India Power To Empower

**Administrative Reforms, Training, Pension & Public Grievances Department, Government of Assam**

PUBLISHED BY DIRECTORATE OF INFORMATION AND PUBLIC RELATIONS, ASSAM Connect with us @diprassam dipr.assam.gov.in

Subscribe to Asom Barta Whatsapp 'Assam' at 8287912158 -- Janasanyog /D/7704/24/22-Oct-24